Criminal Procedure Code, 1973 (2 of 1974), Section 482 - ***Quashing of complaint*** - *Where a statute provide a thing to be done in particular manner for a particular remedy, then appropriate action should be taken thereunder - If AICTE is of opinion that affidavit is false, it should have taken action for cancellation of approval of the year 2009 - Registration of offence by CBI unwarranted.* [Meena Rathore (Smt.) v. CBI, ACB, Bhopal] ...*30

Criminal Procedure Code, 1973 (2 of 1974), Chapter VII-A (Sections 105-A to 105-L) - *The whole chapter is specific chapter relating to the specified offences therein and has nothing to do with the local offences or the properties earned out of those.* [State of M.P. v. Balram Mihani]SC...2243

Criminal Trial - ***Counter Cases - Same Public Prosecutor / Additional Public Prosecutor appearing in both the cases - Held*** - *Same Public Prosecutor cannot appear in both the cases from the side of the prosecution, which are the cross cases of each other - District Magistrate is directed to appoint separate Public Prosecutor in both the sessions trial.* [Balaram v. State of M.P.] ...2438

Dakaiti Aur Vyapharan Prabhavit Ksheshtra Adhiniyam, M.P. 1981, Sections 11 & 13 - See - *Penal Code, 1860, Section 216-A* [State of M.P. v. Veeru @ Veer Singh] ...2187

Doctrine of merger - *Where the appeal against original order of assessment was on limited point and the appellate authority without touching any other ground though set-aside the order of assessment but the remand*

दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2), धारा 451 – लूट की विषय वस्तु बंदूक की सुपुर्दगी के लिए परिवादी द्वारा प्रस्तुत आवेदन मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा खारिज किया गया यह मानते हुए कि बंदूक विचारण के दौरान साक्ष्य की विषय वस्तु है – पुनरीक्षण को भी अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश द्वारा खारिज किया गया – अभिनिर्धारित – जहाँ चोरी की गई अथवा लूटी गई वस्तुएँ पुलिस द्वारा अभिग्रहीत की जाती हैं तो उसे सुपुर्दनामे पर उस व्यक्ति को दे देना चाहिए जो उन वस्तुओं पर प्रथम दृष्टया अपना कब्जा साबित करता है – याचिका मंजूर। (ओम प्रकाश चतुर्वेदी वि. म.प्र. राज्य) ...1998

दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2), धाराएँ 451 व 457 – वाहन का छोड़ा जाना – वाहन धारा 379, 408, 420 भा.द.सं. सहपठित धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत अपराध में अभिग्रहीत किया गया – अभिनिर्धारित – वाहन को इतनी लम्बी अवधि के लिए पुलिस थाने में बेकार रोककर कोई लाभदायक प्रयोजन पूरा नहीं होगा – अंतरिम सुपुर्दगी पर छोड़ने का निदेश दिया गया – पुनरीक्षण मंजूर। (मेवालाल शर्मा वि. म.प्र. राज्य) ...2645

दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2), धारा 464 – अपीलार्थी पर भा.द.सं. की धारा 376 का आरोप लगाया गया – भा.द.सं. की धारा 376(2)(जी) एवं सामूहिक बलात्संग के संघटक आरोप में वर्णित नहीं – भा.द.सं. की धारा 376(2)(जी) के अंतर्गत की गयी अपीलार्थी की दोषसिद्धि धारा 376 में परिवर्तित – अपील अंशतः मंजूर। (शेष उपाध्याय उर्फ शेषमनी वि. म.प्र. राज्य)---*91

दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2), धारा 482 – परिवाद अभिखंडित करना – जहाँ कोई कानून उपबंधित करता है कि किसी विशिष्ट उपचार के लिये कोई कार्य किसी विशिष्ट ढंग से किया जाए, तब उसके अधीन उचित कार्यवाही करनी चाहिये – यदि एआईसीटीई का यह मत है कि शपथपत्र मिथ्या है तो उसे वर्ष 2009 के अनुमोदन के रद्दकरण की कार्यवाही करनी चाहिये थी – सीबीआई द्वारा अपराध दर्ज करना अनुचित। (मीना राठौर (श्रीमति) वि. सी.बी.आई., ए.सी.बी., भोपाल) ---*30

दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2), अध्याय सात–क (धाराएँ 105–क से धारा 105–ढ) – यह सम्पूर्ण अध्याय इसमें विर्निदिष्ट अपराधों के लिये विर्निदिष्ट अध्याय है एवं यह स्थानीय अपराधों या उनसे अर्जित संपत्ति के लिये प्रयोज्य नहीं है। (म.प्र. राज्य वि. बलराम मिहानी) SC---2243

दांडिक विचारण – प्रतीप (काउंटर) प्रकरण – वही लोक अभियोजक/ अतिरिक्त लोक अभियोजक दोनों प्रकरणों में उपस्थित हुआ – अभिनिर्धारित – अभियोजन की ओर से ऐसे दोनों प्रकरणों में जो कि परस्पर काउंटर/प्रतीप प्रकरणों के रूप में है वही लोक अभियोजक उपस्थित नहीं हो सकता – जिला मजिस्ट्रेट को दोंनों सत्र प्रकरणों में पृथक लोक अभियोजक नियुक्त करने का निदेश दिया गया। (बालाराम वि. म.प्र. राज्य) ...2438

डकैती और व्यपहरण प्रभावित क्षेत्र अधिनियम, म.प्र. 1981, धाराएँ 11 व 13 – देखें – दण्ड संहिता, 1860, धारा 216–ए (म.प्र. राज्य वि. वीरू उर्फ वीर सिंह) ...2187

विलयन का सिद्धांत – जहाँ कर निर्धारण के मूल आदेश के विरुद्ध अपील सीमित बिन्दु पर थी तथा अपीलीय प्राधिकारी ने किसी अन्य आधार से परे यद्यपि कर निर्धारण का आदेश अपास्त कर दिया, लेकिन प्रतिप्रेषण अपीलार्थी को फार्म 'बी' एवं परिशिष्ट घोषणा प्रस्तुत करने एवं पुनः

was confined to give opportunity to appellant to file Form B and appendix declaration and to pass a fresh appropriate assessment order, the entire assessment order is not merged in the assessment order which passed after remand. [Vikram Cement v. Commissioner of Commercial Tax] FB...2443

Entry of name in Municipal Record - *Effect* - *Record of Municipal Corporation does not confer any right or title in the property - Such record is maintained by the local authority only for fiscal purpose to pay the taxes - It is just like the revenue record.* [Gaya Prasad v. Pradumn Prasad] ...2343

Entry Tax Act, M.P. (52 of 1976), Section 3(1)(b) - *Manufacture* - *The process of taking out of the chicks amounts to process of manufacture.* [Phoenix Poultry (M/s.) v. State of M.P.] ...2301

Entry Tax Act, M.P. (52 of 1976), Section 3(1)(b) - *Petitioner, running hatchery, purchased poultry ingredients from various dealers for feeding of parental mother birds and not for feeding new born one day chicks - Challenged liability of Rs.3809198/- as entry tax on plant & machinery and poultry feed ingredients - Held - Since, poultry feeds is being used for survival of parental flocks which are instrumental and for upbringing of layer birds, cockerel and culled birds, petitioner has been rightly saddled with liability to make the payment of entry tax.* [Phoenix Poultry (M/s.) v. State of M.P.] ...2301

Essential Commodities Act (10 of 1955), Section 3(3D) & (3E), Sugar (Control) Order, 1966, Clause 4 & 5 - *Levy Sugar* - *Restriction imposed on sale of Sugar to the extent of 20% - Permissibility - Held - The restriction has been imposed to ensure that the consumer get adequate sugar throughout the year at fair price and the cane growers who provide sugar cane also get fair price - It has been applied uniformly to all the sugar mills in the country in public interest, is a reasonable restrictions.* [Barwani Sugar v. Union of India] ...*40

Essential Commodities Act (10 of 1955), Section 3/7, Food Stuffs (Civil Supply & Distribution) Scheme, M.P. 1991, Clause 9(1) & 9(2) - *Appellants, the salesmen of fair price shop failed to maintain and produce the distribution register for inspection before the Food Inspector - Being a matter covered u/s 3(2) Clause (h)(i) of E.C. Act is liable to be convicted u/s 7(1)(a)(i), and not u/s 3/7 of the E.C. Act - Conviction modified to that extent.* [Ravindra Kumar v. State of M.P.] ...2176

Essential Commodities Act (10 of 1955), Section 3/7, Food Stuffs (Civil Supply & Distribution) Scheme, M.P. 1991, Clause 9(1) & 9(2) - *Scheme of 1991 was formulated and is a part of Food Stuff Distribution Control Order, 1960, made u/s 3 r/w S.5 of the Act and so breach of any condition of scheme is punishable under the Act.* [Ravindra Kumar v. State of M.P.] ...2176

समुचित कर निर्धारण आदेश पारित करने तक सीमित था, सम्पूर्ण कर निर्धारण आदेश का प्रतिप्रेषण के बाद पारित कर निर्धारण आदेश में विलय नहीं होता है। (विक्रम सीमेंट वि. कमिश्नर ऑफ कमर्शियल टैक्स) FB...2443

नगरपालिका अभिलेख में नाम की प्रविष्टि – प्रभाव – नगरपालिक निगम का अभिलेख सम्पत्ति में कोई अधिकार या स्वत्व प्रदान नहीं करता है – स्थानीय प्राधिकारी द्वारा ऐसा अभिलेख केवल करों के भुगतान के कर संबंधी प्रयोजन के लिए रखा जाता है – यह मात्र राजस्व अभिलेख के समान है। (गया प्रसाद वि. प्रद्युमन प्रसाद) ...2343

प्रवेश कर अधिनियम, म.प्र. (1976 का 52), धारा 3(1)(बी) – विनिर्माण – मुर्गी के बच्चे निकालने की प्रक्रिया, विनिर्माण प्रक्रिया की कोटि में आती है। (फोनिक्स पोल्ट्री (मे.) वि. म.प्र. राज्य) ...2301

प्रवेश कर अधिनियम, म.प्र. (1976 का 52), धारा 3(1)(बी) – याची, जो अण्ड–प्रजनन–स्थान चलाती थी, ने माता पक्षियों के पोषण हेतु न कि एक दिन के नवजात मुर्गी के बच्चे के पोषण के लिए, विभिन्न व्यापारियों से कुक्कुट सामग्री क्रय की – संयंत्र व मशीनरी और कुक्कुट खाद्य घटकों पर प्रवेश कर के रूप में रूपये 3809198/– के दायित्व को चुनौती दी गयी – अभिनिर्धारित – चूंकि, कुक्कुट खाद्य पैतृक पक्षियों को जीवित रखने के लिये उपयोग में लाया जा रहा है जो साधक है और अंडे देने वाली मुर्गियों, मुर्ग पट्ठा तथा कटने वाली मुर्गियों के लालन पालन के लिये है, याची पर प्रवेश कर अदा करने का दायित्व उचित रूप से डाला गया है। (फोनिक्स पोल्ट्री (मे.) वि. म.प्र. राज्य) ...2301

आवश्यक वस्तु अधिनियम (1955 का 10), धारा 3 (3डी) व (3ई), चीनी (नियंत्रण) आदेश, 1966, खण्ड 4 व 5 – उद्ग्रहित चीनी – 20% की सीमा तक चीनी के विक्रय पर निर्बन्धन लगाया गया – अनुज्ञेयता – अभिनिर्धारित – यह सुनिश्चित करने के लिए निर्बन्धन लगाया गया कि उपभोक्ता को उचित मूल्य पर पूरे वर्ष पर्याप्त चीनी मिल सके और गन्ना उत्पादक जो गन्ना उपलब्ध कराते हैं उन्हें भी उचित मूल्य मिल सके – उसे जनहित में देश की सभी चीनी कारखानों को समानता से लागू किया गया, वह युक्तियुक्त निर्बन्धन है। (बरवानी शुगर वि. यूनियन ऑफ इंडिया) ---*40

आवश्यक वस्तु अधिनियम (1955 का 10), धारा 3/7, खाद्य पदार्थ (नागरिक पूर्ति एवं वितरण) स्कीम, म.प्र. 1991, खण्ड 9(1) व 9(2) – अपीलार्थी जो उचित मूल्य की दुकान के विक्रीकर्ता हैं विवरण रजिस्टर बनाये रखने और खाद्य निरीक्षक के समक्ष प्रस्तुत करने मे असफल रहे – आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3(2) खण्ड (एच)(i) के अंतर्गत मामला सम्मिलित होने से, दोषसिद्धि आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 7(1)(ए)(i) के अंतर्गत होनी चाहिए और न कि धारा 3/7 के अंतर्गत – दोषसिद्धि उस सीमा तक उपांतरित की गयी। (रवीन्द्र कुमार वि. म.प्र. राज्य) ...2176

आवश्यक वस्तु अधिनियम (1955 का 10), धारा 3/7, खाद्य पदार्थ (नागरिक पूर्ति एवं वितरण) स्कीम, म.प्र. 1991, खण्ड 9(1) व 9(2) – 1991 की स्कीम का विनिर्माण किया गया और वह खाद्य पदार्थ वितरण नियंत्रण आदेश, 1960 का भाग है जो अधिनियम की धारा 3 सहपठित धारा 5 के अधीन बनया गया है और इसलिए स्कीम की किसी शर्त का उल्लंघन अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय है। (रवीन्द्र कुमार वि. म.प्र. राज्य) ...2176

Evidence Act (1 of 1872), Section 3 - *Appreciation of evidence -Eye witnesses saw the appellant adjusting his trouser with the prosecutrix in half-naked condition, in the bushes near temple - Mobile phone of appellant was recovered by police from the spot - Defence of appellant/accused that he was falsely implicated, found improbable - Held - The trial Court did not commit any illegality in holding that the appellant was found with the prosecutrix in semi naked condition, in bushes.* [Prakash Dabar v. State of M.P.] ...2349

Evidence Act (1 of 1872), Section 3 - *Appreciation of evidence - It has to be borne in mind that the intention of the accused is gathered from the nature of the weapon used, the part of the body chosen for assault and other attending circumstances.* [Ramesh Kumar v. State of M.P.] SC...1843

Evidence Act (1 of 1872), Section 3 - *Appreciation of evidence - The duty of the Judge is to consider the evidence objectively and dispassionately, examine it in the light of probabilities and decide which way the truth lies - The impression formed by the Judge about the character of evidence will ultimately determine the conclusion which he reaches.* [D.K. Shrivastava v. State of M.P.] SC...1865

Evidence Act (1 of 1872), Section 3 - *Appreciation of evidence - The evidence of the witnesses must be read as a whole and the cases are to be considered in totality of the circumstances and while appreciating the evidence of a witness, minor discrepancies on trivial matters, which do not affect the core of the prosecution case, should not be taken into consideration as they cannot form grounds to reject the evidence as a whole.* [Vijay @ Chinee v. State of M.P.] SC...2257

Evidence Act (1 of 1872), Section 3 - *Appreciation of evidence - The trial Court based its judgment of acquittal on facts that (i) oral dying declaration given to witnesses and not supported by doctor, is doubtful, (ii) the FIR is belated and not forwarded to the Magistrate promptly, (iii) the evidence of sole eye-witness is not believable and natural - In appeal, the High Court reversed the acquittal - Held - It is now well settled that if the trial court's judgment is well based on the evidence and the conclusion drawn in favour of the accused was possible thereof, the High Court would not be justified in interfering on the premise that a different view could also be taken and though the High Court was entitled to reappraise the evidence there should be substantial and compelling reasons for setting aside an acquittal order and making one of conviction.* [Gopal Singh v. State of M.P.] SC...1847

Evidence Act (1 of 1872), Section 3 - *Circumstantial evidence - Case based on - Conviction u/s 302 & 201 of IPC - Held, - Doctor did not depose positively that injuries of deceased were homicidal in nature - The evidence*

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धारा 3 – साक्ष्य का अधिमूल्यन – प्रत्यक्षदर्शी साक्षियों ने मंदिर के पास झाड़ियों मे अपीलार्थी को अभियोक्त्री के साथ अर्धनग्न अवस्था में अपनी पतलून ठीक करते हुए देखा – पुलिस द्वारा अपीलार्थी का मोबाईल फोन घटनास्थल से बरामद किया गया – अपीलार्थी/अभियुक्त का यह बचाव कि उसे झूठा फंसाया गया, असंभाव्य पाया गया – अभिनिर्धारित – विचारण न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित करने में कोई अवैधता नहीं की कि अपीलार्थी अर्धनग्न अवस्था में अभियोक्त्री के साथ झाड़ियों में पाया गया। (प्रकाश डाबर वि. म.प्र. राज्य) ...2349

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धारा 3 – साक्ष्य का अधिमूल्यन – यह ध्यान मे रखना चाहिए कि अभियुक्त का आशय, प्रयोग किये गये आयुध की प्रकृति, हमले के लिये चुने गय शरीर के अंग तथा अन्य विद्यमान परिस्थितियों से एकत्र होता हो। (रमेश कुमार वि. म. प्र. राज्य) SC---1843

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धारा 3 – साक्ष्य का अधिमूल्यन – न्यायाधीश का यह कर्तव्य है कि साक्ष्य का वस्तुपरक रूप से तथा निष्पक्षता से विचार करे, अधिसंभाव्यताओं के प्रकाश में उसका परीक्षण करे और यह विनिश्चित करे कि किस मार्ग पर सत्य पोषित होता है – साक्ष्य के स्वरूप के बारे मे बनी न्यायाधीश की धारणा अंततः उस निष्कर्ष को निर्धारित करेगी जिस पर वह पहुँचता है। (डी.के श्रीवास्तव वि. म.प्र. राज्य) SC---1865

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धारा 3 – साक्ष्य का अधिमूल्यन – साक्षियों की साक्ष्य को सम्पूर्णता से पढ़ना चाहिए तथा मामलों की परिस्थितियों पर समग्रता से विचार करना चाहिए और किसी साक्षी की साक्ष्य का अधिमूल्यन करते समय तुच्छ विषयों पर गौण असंगतियाँ, जो अभियोजन मामले को गहराई से प्रभावित नहीं करतीं, उन्हें विचार में नहीं लेना चाहिए क्योंकि वे सम्पूर्ण साक्ष्य को अस्वीकार करने के आधार नहीं बना सकतीं। (विजय उर्फ चीनी वि. म.प्र. राज्य) SC---2257

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धारा 3 – साक्ष्य का अधिमूल्यन – विचारण न्यायालय ने दोषमुक्ति का उसका निर्णय इन तथ्यों पर आधारित किया कि (i) मौखिक मृत्युकालिक कथन, साक्षियों को दिया गया तथा चिकित्सक द्वारा समर्थन नहीं किया गया, शंकास्पद है (ii) प्रथम सूचना रिपोर्ट विलंबित है तथा मजिस्ट्रेट को तत्परता से अग्रेषित नहीं की गई, (iii) एकमात्र प्रत्यक्षदर्शी साक्षी की साक्ष्य विश्वसनीय एवं प्राकृतिक नहीं है – अपील में उच्च न्यायालय ने दोषमुक्ति को उलट दिया – अभिनिर्धारित – यह अब सुस्थापित है कि यदि विचारण न्यायालय का निर्णय साक्ष्य पर सुआधारित है और अभियुक्त के पक्ष मे निकाला गया निष्कर्ष उससे संभव था, उच्च न्यायालय का इस आधार पर हस्तक्षेप न्यायोचित नहीं होगा कि अलग दृष्टिकोण भी लिया जा सकता था और यद्यपि उच्च न्यायालय साक्ष्य का पुनःमूल्यांकन करने के लिए हकदार था, दोषमुक्ति का आदेश अपास्त करने तथा दोषसिद्धि का आदेश पारित करने के लिए सारवान एवं अप्रतिरोध्य कारण होने चाहिए। (गोपाल सिंह वि. म.प्र. राज्य) SC---1847

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धारा 3 – परिस्थितिजन्य साक्ष्य – मामले का आधार – भा.द.सं. की धारा 302 व 201 के अंतर्गत दोषसिद्धि – अभिनिर्धारित, – चिकित्सक ने सकारात्मक रूप से अभिसाक्ष्य नहीं दिया कि मृतक की क्षतियों की प्रकृति मानव वध संबंधी थी – कथित

of alleged extra-judicial confession was doubtful and also inadmissible in evidence - Fact that appellant was last seen in company of deceased also not established beyond periphery of doubt - Injuries on person of appellant did not necessarily rise to inference that these injuries were sustained in assaulting the deceased - The conviction recorded by the trial Court set aside. [Gendaua (Smt.) v. State of M.P.] ...1973

Evidence Act (1 of 1872), Section 3, Penal Code, 1860, Sections 302 & 201 - *Appreciation of evidence - Murder - Deceased the wife of accused/appellant was last seen in company of the accused on same day- Accused Previously maltreated the deceased- The car used by accused was got washed, its seat covers were changed and car repaired by denting & painting soon after occurrence- Medical evidence confirmed that death by gun shot injury and bullet recovered from the spot could be fired by gun recovered at the instance of accused- All the circumstances proved by prosecution had clear tendency to indicate that it was accused/ appellant who had committed the offence. Conviction & sentence passed by trial court affirmed- Appeal dismissed.* [Suryakant Singh v. State of M.P.] ...*55

Evidence Act (1 of 1872), Section 3, Penal Code 1860 - Sections 302, 376 - *Rape and murder - Case based on circumstancial evidence- Held - Accused was seen going towards place of incident - T-Shirt recovered on instance of accused, found having blood stains of more than one person - Similar male D.N.A. profile in the blood sample of accused, nail clipping of accused and vaginal smear slide of deceased, - Accused was also injured and an abrasion was found by doctor- It is well established that it was the appellant who only and non else committed murder and rape. Conviction u/s 376 & 302 of I.P.C. is affirmed.* [In Reference v. Rahul] ...2206

Evidence Act (1 of 1872), Section 3, Penal Code, 1860, Sections 302, 392, 397, 411, 413 & 414 - *Circumstantial evidence - Conviction for robbery and murder based on (1) Deceased allegedly seen with accused in jeep on relevant date by three witnesses, (2) On instance of one accused parts of stolen jeep were recovered from other accused, (3) One accused was identified by witnesses during T.I. Parade - Held - Witnesses not previously known to the accused and they had also seen the accused in police station and C.I.D. office prior to T.I. Parade - The parts of jeep recovered had no identification, forming part of stolen jeep - Conviction & sentence set aside.* [Ramesh Chandra v. State of M.P.] ...2368

**Evidence Act (1 of 1872), Section 3, Penal Code, 1860, Sections 307, 148, 302 & 326 r/w 149 - *Appreciation of evidence - FIR recorded after consultation with complainant party and mentioning maximum persons belonging to opposite faction - Number of injuries (3) on person of deceased would be more if 12 persons/accused would have assaulted - Place of incident*

न्यायिकेतर संस्वीकृति का साक्ष्य संदेहास्पद था और साक्ष्य मे अग्राह्य भी था – तथ्य, कि अपीलार्थी को अंतिम बार मृतक के साथ देखा गया, भी शंका की परिधि से परे साबित नहीं हुआ – अपीलार्थी के शरीर पर की क्षतियों से आवश्यक रूप से यह निष्कर्ष नहीं निकलता कि ये क्षतियाँ मृतक पर हमला करने में हुईं – विचारण न्यायालय द्वारा अभिलिखित दोषसिद्धि अपास्त। (गेंदौआ (श्रीमति) वि. म.प्र. राज्य) ...1973

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धारा 3, दण्ड संहिता, 1860, धाराएँ 302 व 201 – साक्ष्य का अधिमूल्यन – हत्या – मृतिका आरोपी की पत्नि को उसी दिनांक को आखिरी बार अभियुक्त/अपीलार्थी के साथ देखा गया – पूर्व मे अभियुक्त ने मृतका के साथ दुर्व्यवहार किया – अभियुक्त द्वारा इस्तेमाल की गयी कार को घटना के तत्काल बाद धुलवा दिया गया, इसके सीट कवर को बदलवा दिया गया, एवं कार की डेन्टिंग पेंटिंग कर मरम्मत करवा दी गयी – चिकित्सीय साक्ष्य द्वारा गोली लगने के कारण मृत्यु तथा घटना स्थल से बरामद गोली अभियुक्त द्वारा बरामद करवाई गयी बन्दूक से दागे जा सकने की पुष्टि अभियोजन द्वारा साबित की गयी परिस्थितियां अभियुक्त/अपीलार्थी द्वारा अपराध कारित किये जाने का स्पष्ट संकेत है – विचारण न्यायालय द्वारा पारित दोषसिद्धि एवं दण्डादेश की पुष्टि – अपील खारिज। (सूर्यकांत सिंह वि. म.प्र. राज्य) ---*55

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धारा 3, दण्ड संहिता,1860 धारा 302, 376 – बलात्कार एवं हत्या– प्रकरण परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर आधारित– अभिनिर्धारित– अभियुक्त को घटना स्थल की तरफ जाते हुए देखा गया– अभियुक्त के बयान पर बरामद टी–शर्ट पर एक से अधिक व्यक्तियों के खून के धब्बे पाये गये– अभियुक्त के खून, नाखूनों की कतरन एवं मृतिका के योनिस्त्राव की स्लाइड की नर D.N.A. रूपरेखा समान– अभियुक्त को भी चोटें आयीं थी तथा चिकित्सक ने एक खरोंच पायी थी– यह भलीभांति सुस्थापित है कि सिर्फ अपीलार्थी ने ही हत्या एवं बलात्कार किया है किसी और ने नहीं – भा0दं0सं0 की धारा 376 एवं 302 के अंतर्गत की गयी दोषसिद्धि की पुष्टि । (इन रेफरेन्स वि. राहुल) ...2206

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धारा 3, दण्ड संहिता, 1860, धाराएँ 302, 392, 397, 411, 413 व 414 – परिस्थितिजन्य साक्ष्य – लूट एवं हत्या के लिए दोषसिद्धि (1) सुसंगत तारीख को तीन साक्षियों द्वारा मृतक को कथित रूप से अभियुक्त के साथ जीप पर देखे जाने, (2) एक अभियुक्त की प्रेरणा पर चुराई गई जीप के पुर्जे अन्य अभियुक्त से बरामद होने, (3) साक्षियों द्वारा शिनाख्त परेड के दौरान एक अभियुक्त की शिनाख्त करने, पर आधारित – अभिनिर्धारित – साक्षी अभियुक्त को पहले से नहीं जानते थे तथा उन्होंने अभियुक्त को थाने एवं सी.आई.डी. कार्यालय में शिनाख्त परेड के पूर्व देखा था – बरामद किये गये जीप के पुर्जे, चोरी की गयी जीप के होने की कोई पहचान नहीं – दोषसिद्धि एवं दण्डादेश अपास्त। (रमेश चंद्र वि. म.प्र. राज्य) ...2368

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धारा 3, दण्ड संहिता, 1860 धाराएं 307, 148, 302 व 326 सहपठित 149 – साक्ष्य का अधिमूल्यन – शिकायतकर्ता पक्ष के साथ परामर्श के पश्चात् प्रथम सूचना रिपोर्ट अभिलिखित की गई और विरूद्ध पक्ष के अधिकतम व्यक्तियों को उल्लिखित किया गया – मृतक के शरीर पर चोटों की संख्या (3), अधिक होती यदि 12 व्यक्तियों/अभियुक्तों ने हमला किया होता – घटना का स्थान स्पष्ट नहीं – प्रत्यक्षदर्शी साक्षी जो

not clear - Eye-witnesses who are partisan & close relatives of deceased - Witnesses changed the prosecution story time to time - Injuries of 3 accused not explained by prosecution witnesses - Conviction and sentence set aside by giving benefit of doubt - Appeal allowed. [Champalal v. State of M.P.]...*25

Evidence Act (1 of 1872), Section 3, Penal Code, 1860, Section 376(1) - *Accused convicted upon basis of sole testimony of prosecutrix and conviction affirmed by the High Court - Held - In the case the accused/ appellant had received 6 injuries including one grievous injury, the witnesses who were allegedly reached at spot soon after did not support the prosecutrix and declared hostile, the prosecution story that the appellant a young man of 31 years had been overpowered by a much older woman is rather difficult to believe, the I.O. did not verify the defence of accused that he had gone to prosecutrix house to recover his cow and in a quarrel that followed both had received injuries, the husband of prosecutrix who had accompanied her to police station did not come to witness box and doctor was also unable to confirm the factum of rape, makes the case rather unusual one.*

There can be no quarrel with the proposition that the evidence of prosecutrix is liable to be believed save in exceptional circumstances. But on the other hand a prosecutrix must be believed irrespective of the improbabilities in her story, is an argument that can never be accepted. The test always is as to whether the given story prima facie inspires confidence - Conviction set aside. [Dinesh Jaiswal v. State of M.P.] SC...1839

Evidence Act (1 of 1872), Section 3 - See - *Penal Code, 1860, Section 302* [Ram Bhadra Tiwari v. State of M.P.] ...2625

Evidence Act (1 of 1872), Section 3 - See - *Penal Code, 1860, Sections 363 & 366* [Ghanshyam @ Ghanshu v. State of M.P.] ...*42

Evidence Act (1 of 1872), Section 3 - See - *Penal Code, 1860, Sections 363, 366, 376(2)(f) & 302,* [Haricharan v. State of M.P.] ...2201

Evidence Act (1 of 1872), Sections 3 & 32, Penal Code, 1860, Section 302 - ***Appeal against conviction based on dying declaration*** - *Deceased made two dying declarations, one to doctor implicating the accused and her mother and another to Executive Magistrate implicating the accused/ appellant only - Very close relation of deceased viz. mother-in-law and husband who met the deceased first, did not say that deceased disclosed to them that it was the accused who set fire to her - The evidence of dying declaration is not wholly reliable - Conviction and sentence set aside.* [Shabana Bi (Smt.) v. State of M.P.] ...*52

Evidence Act (1 of 1872), Sections 3 & 113-B - See - *Penal Code, 1860, Sections 304-B & 498-A,* [Durga Prasad v. State of M.P.] SC... 1853

Evidence Act (1 of 1872), Section 9 - ***Test Identification Parade*** - *It*

मृतक के साथी तथा नजदीकी रिश्तेदार हैं – साक्षियों ने अभियोजन कथा को समय–समय पर बदला है – तीन अभियुक्तों की चोंटों को अभियोजन साक्षियों द्वारा स्पष्ट नहीं किया गया–शंका का लाभ देते हुए दोषसिद्धी और दण्डादेश अपास्त – अपील मंजूर। (चंपालाल वि. म.प्र. राज्य) ---*25

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धारा 3, दण्ड संहिता, 1860, धारा 376(1) – अभियुक्त को अभियोक्त्री की एकमात्र साक्ष्य के आधार पर दोषसिद्ध किया गया और उच्च न्यायालय द्वारा दोषसिद्धि की पुष्टि की गई – अभिनिर्धारित – मामले में अभियुक्त/अपीलार्थी को एक गंभीर चोट सहित 6 चोटें आईं, साक्षी जो कथित रूप से मौके पर तुरंत पहुँचे थे, ने अभियोक्त्री का समर्थन नहीं किया और उन्हें पक्षद्रोही घोषित किया गया, अभियोजन कथा कि अपीलार्थी एक 31 वर्षीय युवक को काफी वृद्ध महिला द्वारा काबू किये जाने की बात पर विश्वास करना कठिन है, अन्वेषण अधिकारी ने अभियुक्त के इस बचाव का सत्यापन नहीं किया कि वह अभियोक्त्री के घर अपनी गाय बरामद करने गया था और उसके बाद हुए झगड़े में दोनों को चोटें आईं, अभियोक्त्री का पति, जो उसके साथ पुलिस थाना गया था, कठघरे में नहीं आया और चिकित्सक भी बलात्संग के तथ्य की पुष्टि करने में अक्षम रहा, मामले को एक असामान्य मामला बनाता है।

इस सुझाव के साथ कोई विवाद नही हो सकता है कि अभियोक्त्री की साक्ष्य आपवादिक परिस्थितियों को छोड़कर विश्वास किये जाने योग्य है। परन्तु दूसरी ओर अभियोक्त्री पर उसकी कहानी में आयी अनधिसंभाव्यताओं को विचार में लिये बिना विश्वास करना ही चाहिये, यह एक ऐसा तर्क है जिसे कभी स्वीकार नही किया जा सकता – परीक्षण सदैव इसका होता है कि क्या प्रस्तुत कहानी प्रथम दृष्टया विश्वास पैदा करती है – दोषसिद्धि अपास्त। (दिनेश जायसवाल वि. म.प्र. राज्य) SC---1839

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धारा 3 – देखें – दण्ड संहिता, 1860, धारा 302 (राम भद्र तिवारी वि. म.प्र. राज्य) ...2625

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धारा 3 – देखें – दण्ड संहिता, 1860, धाराएँ 363 व 366, (घनश्याम उर्फ घन्सू वि. म.प्र. राज्य) ---*42

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धारा 3 – देखें – दण्ड संहिता, 1860, धाराएँ 363, 366, 376(2)(एफ) व 302, (हरिचरण वि. म.प्र. राज्य) ...2201

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धाराएँ 3 व 32, दण्ड संहिता, 1860, धारा 302 – मृत्युकालिक कथन पर आधारित दोषसिद्धि के विरुद्ध अपील – मृतक ने दो मृत्युकालिक कथन किये, एक चिकित्सक को, अभियुक्त और उसकी माँ को आलिप्त करते हुए और दूसरा कार्यपालक मजिस्ट्रेट को, केवल अभियुक्त/अपीलार्थी को आलिप्त करते हुए – मृतक के अत्यंत नजदीकी रिश्तेदार अर्थात सास एवं पति जो मृतक से पहले मिले उन्होंने यह नहीं कहा कि मृतक ने उनको यह प्रकट किया कि वह अभियुक्त था जिसने उसे आग लगायी – मृत्युकालिक कथनों की साक्ष्य पूर्णतः विश्वसनीय नहीं – दोषसिद्धि एवं दण्डादेश अपास्त। (शबाना बी (श्रीमती) वि. म.प्र. राज्य) ---*52

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धाराएँ 3 व 113–बी – देखें – दण्ड संहिता, 1860, धाराएं 304–बी व 498–ए, (दुर्गा प्रसाद वि. म.प्र. राज्य) SC---1853

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धारा 9 – शिनाख्त परेड – इसका उपयोग केवल

is used only to corroborate the evidence recorded in the Court - Therefore, it is not substantive evidence - The actual evidence is what is given by the witnesses in the Court. [Vijay @ Chinee v. State of M.P.] SC...2257

Evidence Act (1 of 1872), Section 32 - *A statement given by deceased (the wife) to the D.I.G. (Police) in a previous enquiry may be treated as a dying declaration against accused (husband).* [Sulabh Jain v. State of M.P.]...2433

Evidence Act (1 of 1872), Section 32 - ***Dying declaration*** - *An oral dying declaration made to a person who had very serious enmity with the accused should be accepted with a little hesitation and reservation.* [Gopal Singh v. State of M.P.] SC...1847

Evidence Act (1 of 1872), Section 32 - ***Dying declaration*** - *Evidentiary value of - Though, it cannot be laid down as an absolute rule of law that the dying declaration cannot form the sole basis of conviction unless it is corroborated, yet the rule requiring corroboration is a rule of prudence.* [Shabana Bi (Smt.) v. State of M.P.] ...*52

Evidence Act (1 of 1872), Section 32, Penal Code, 1860, Section 302 - *Appellant convicted for murder of his wife/deceased (died due to burn injuries) on ground of her second dying declaration, rejecting the first one - Conviction challenged on ground that the first dying declaration, which was recorded by Executive Magistrate, should have been accepted as compared to second, recorded by ASI unauthorisedly - Held - The trial Court and the High Court rightly discarded the first dying declaration in view that the deceased was taken to hospital by her father-in-law & mother-in-law and the medical report does not support her first dying declaraion, on the contrary the second dying declaration fully stands corroborated not only by the medical evidence but oral dying declarations made by the deceased to her parents also and she was not in a precarious condition - Appeal dismissed.* [Lakhan v. State of M.P.] SC...2018

Evidence Act (1 of 1872), Sections 63 & 65 - *The question of admissibility, reliability and the probative value of its evidence can be judged by the trial Court subsequently at appropriate stage - Shutting out of relevant evidence would serve no purpose.*

Trial Court allowed the application and permitted the complainant to produce a copy of the cassette subject to condition that the admissibility and the probative value of the cassette shall depend upon the proof of requisite conditions as provided in the provisions. Order challenged by petitioner on grounds that (1) it was not established by the complainant that the original cassette had been destroyed or lost, therefore, no secondary evidence by way of producing another copy of cassette can be made, (2) Since it was not established that the cassette contained the voice of accused and the

न्यायालय में अभिलिखित साक्ष्य की संपुष्टि के लिये किया जाता है – इसलिए, यह तात्विक साक्ष्य नहीं है – वास्तविक साक्ष्य वह है जो साक्षियों द्वारा न्यायालय में दी जाती है। (विजय उर्फ चीनी वि. म.प्र. राज्य) SC---2257

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धारा 32 – मृतक (पत्नि) द्वारा पूर्ववर्ती जाँच में उप महानिरीक्षक (पुलिस) को दिया गया कथन अभियुक्त (पति) के विरुद्ध मृत्युकालिक कथन के रूप में माना जा सकता है। (सुलभ जैन वि. म.प्र. राज्य) ...2433

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धारा 32 – मृत्युकालिक कथन – मौखिक मृत्युकालिक कथन जो उस व्यक्ति को किया गया जिसकी अभियुक्त से बहुत गंभीर वैमनस्यता थी, कुछ संकोच तथा शर्तों के साथ स्वीकार करना चाहिए। (गोपाल सिंह वि. म.प्र. राज्य)SC---1847

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धारा 32 – मृत्युकालिक कथन – साक्षिक मूल्य – यद्यपि इसे विधि का अत्यांतिक नियम नहीं माना जा सकता कि जब तक कि संपुष्टि न हो मृत्युकालिक कथन दोषसिद्धि का एक मात्र आधार नहीं बन सकता, तब भी संपुष्टि की आवश्यकता का नियम, प्रज्ञा का नियम है। (शबाना बी (श्रीमती) वि. म.प्र. राज्य) ---*52

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धारा 32, दण्ड संहिता, 1860, धारा 302 – अपीलार्थी को उसकी पत्नि/मृतक (जलने की चोटों के कारण मौत हुई) के प्रथम मृत्युकालिक कथन को अस्वीकार करते हुए, उसके द्वितीय मृत्युकालिक कथन के आधार पर दोषसिद्ध किया गया – दोषसिद्धि को इस आधार पर चुनौती दी गयी कि प्रथम मृत्युकालिक कथन जिसे कार्यपालक मजिस्ट्रेट द्वारा अभिलिखित किया गया था उसे स्वीकार किया जाना चाहिए था दूसरे की तुलना मे जिसे ए. एस.आई. द्वारा अनाधिकृत रूप से अभिलिखित किया गया था – अभिनिर्धारित – विचारण न्यायालय तथा उच्च न्यायालय ने उचित रूप से प्रथम मृत्युकालिक कथन को नामंजूर किया इस दृष्टिकोण से कि मृतक को उसके ससुर व सास द्वारा अस्पताल ले जाया गया था और चिकित्सीय प्रतिवेदन उसके प्रथम मृत्युकालिक कथन को सहायता प्रदान नहीं करता, इसके विपरीत द्वितीय मृत्युकालिक कथन पूर्णतः संपुष्ट होता है न केवल चिकित्सीय साक्ष्य द्वारा परंतु मृतक द्वारा उसके माता–पिता को दिये मौखिक मृत्युकालिक कथन से भी तथा वह दैवाधीन स्थिति मे नहीं थी – अपील खारिज। (लखन वि. म.प्र. राज्य) SC---2018

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धाराएँ 63 व 65 – उसकी साक्ष्य की ग्राह्यता, विश्वसनीयता और प्रमाण देने वाले मान का विचारण न्यायालय द्वारा पश्चातवर्ती उचित प्रक्रम पर मूल्यांकन किया जा सकता है – सुसंगत साक्ष्य अलग करने से किसी प्रयोजन की पूर्ति नहीं होगी।

विचारण न्यायालय ने आवेदन मंजूर किया और परिवादी को कॅसेट की कॉपी प्रस्तुत करने की अनुमति दी, इस शर्त पर कि कॅसेट की ग्राह्यता और प्रमाण देने वाले उसके मान उपबंधों मे दी गयी आवश्यक शर्तो को साबित होने के उपर निर्भर करेगा। याची द्वारा आदेश को इस आधार पर चुनौती दी गयी कि (1) परिवादी द्वारा यह स्थापित नहीं किया गया कि मूल कॅसेट नष्ट की गयी अथवा खो गयी, इसलिए, अन्य प्रति को प्रस्तुत कर कोई द्वितीयिक साक्ष्य नहीं दी जा सकती, (2) चूंकि यह स्थापित नहीं किया गया कि कॅसेट मे अभियुक्त तथा परिवादी की आवाजे थी और चूंकि उसे उचित अभिरक्षा मे अविकल नहीं रखा गया, कथित घटना के लगभग सात वर्ष पश्चात उसे साक्ष्य में प्रस्तुत करने की अनुमति प्रदान नहीं की जा सकती, (3) अभिलेख पर यह दर्शाने वाला कुछ नहीं था कि कॅसेट जिसे द्वितीय साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत करने के लिये कहा गया है वह लोकायुक्त विभाग

complainant, and since it was not kept intact in any proper custody, the permission to produce the same in evidence can not be granted after about seven years of the alleged occurrence, (3) There was nothing on record to indicate that the cassette sought to be produced by way of secondary evidence was prepared from the original cassette on the directions of officers of Lokayukta Department. In these circumstances, the possibility that the cassette might have been tampered, could not be ruled out.

Held *- The question of admissibility, reliability and the probative value of its evidence can be judged by the trial Court subsequently at appropriate stage. Shutting out of relevant evidence would serve no purpose. The trial Court kept in mind all the necessary precautions and permitted the complainant to produce the copy of the cassette in evidence, therefore, no interference is called for in the said order. Petition dismissed.* [Suresh Kumar Singh v. State of M.P.] ...2237

Evidence Act (1 of 1872), Sections 91 & 92 - ***Admissibility of evidence*** *- Whenever anything is in writing between the parties and such document in original is neither produced nor proved by admissible evidence then mere on the basis of pleadings or oral evidence no inference could be drawn regarding the veracity of such document.* [Golman v. Muniya Bai]...2588

Evidence Act (1 of 1872), Section 101 - ***Burden of proof - When not necessary - Held*** *- Any rule of burden of proof is irrelevant when the parties have led evidence and that evidence has been considered.* [Hiralal v. Mangilal] ...1960

Evidence Act (1 of 1872), Section 113-B - See - *Penal Code, 1860, Sections 304-B & 498-A* [Ram Bhadra Tiwari v. State of M.P.] ...2625

Evidence Act (1 of 1872), Section 118 - ***Child witnesses*** *- Witnesses aged 11 & 4 years (the daughters of the accused), who got injured in the same incident and admittedly present in the single room house of accused can be relied - Especially when the presence of accused at the scene of occurrence is not challenged and the evidence of these two witnesses is supported by medical and other evidence.* [In Reference v. Mohammad Shafiq @ Munna @ Shafi] ...2405

Evidence Act (1 of 1872), Section 118, Mental Health Act, 1994, Section 23(1)(a)(b) - *After evaluating the extent of the disorder, evidence of a mentally retarded witness can be recorded with the help of an expert in the field or the person with whom he or she is able to communicate by words or by way of gestures.* [Prakash Dabar v. State of M.P.] ...2349

Evidence Act (1 of 1872), Sections 137 & 138 - *Charge u/ss. 452, 327 & 506-B of IPC framed, and after evidence, case was fixed for judgment - Later on, additional charge of Ss. 325/34 & 323/34 of IPC were framed and witnesses were recalled for further cross-examination - Out of them, two witnesses could not be produced - It was contended on behalf of State that the*

के अधिकारियों के निर्देशन पर मूल कॅसेट से तैयार की गयी थी इन परिस्थितियों में, कॅसेट के साथ छेडछाड होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

अभिनिर्धारित – उसकी साक्ष्य की ग्राह्यता, विश्वसनीयता और प्रमाण देने वाले मान का विचारण न्यायालय द्वारा पश्चातवर्ती उचित प्रक्रम पर मूल्यांकन किया जा सकता है – सुसंगत साक्ष्य अलग करने से किसी प्रयोजन की पूर्ति नहीं होगी। विचारण न्यायालय ने सभी आवश्यक सावधानियों को ध्यान मे रखा और परिवादी को साक्ष्य में कॅसेट की प्रति प्रस्तुत करने की अनुमति दी, इसलिए उक्त आदेश में हस्तक्षेप का कोई प्रयोजन नहीं बनता। याचिका खारिज। (सुरेश कुमार सिंह वि. म.प्र. राज्य) ...2237

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1) धारा 91 एवं 92 – साक्ष्य की ग्राह्यता – जब पक्षकारों के मध्य कुछ लिखित में है एवं ऐसा दस्तावेज मूलतः न तो प्रस्तुत किया जाता है और न ही ग्राह्य साक्ष्य द्वारा साबित किया जाता है तब मात्र अभिवचनों या मौखिक साक्ष्य के आधार पर ऐसे दस्तावेज की सत्यता के सम्बन्ध में कोई अनुमान नहीं निकाला जा सकता। (गोलमन वि. मुनिया बाई) ...2588

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धारा 101 – साबित करने का भार – कब आवश्यक नहीं – अभिनिर्धारित – साबित करने का भार का नियम अप्रासंगिक है जब पक्षकारों ने साक्ष्य प्रस्तुत की है तथा साक्ष्य पर विचार किया गया है। (हीरालाल वि. मांगीलाल) ...1960

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धारा 113–बी – देखें – दण्ड संहिता, 1860, धारा 304–बी व 498–ए, (राम भद्र तिवारी वि. म.प्र. राज्य) ...2625

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धारा 118 – बालक साक्षी – 11 और 4 वर्ष के साक्षियों (अभियुक्त की पुत्रियाँ), जिन्हें उसी घटना में क्षतियाँ आयीं और स्वी.त रूप से अभियुक्त के एक कमरे के मकान में उपस्थित थीं, पर विश्वास किया जा सकता है – विशेषकर जब घटनास्थल पर अभियुक्त की उपस्थिति को चुनौती नहीं दी गयी हो और इन दोनों साक्षियों के साक्ष्य का चिकित्सीय एवं अन्य साक्ष्य से समर्थन होता हो। (इन रेफरेन्स वि. मोहम्मद शफीक उर्फ मुन्ना उर्फ शफी) ...2405

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धारा 118, मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम, 1994, धारा 23(1)(ए)(बी) – किसी मानसिक रूप से विक्षिप्त/अविकसित साक्षी की साक्ष्य उसके मानसिक विकार की सीमा को परखने के उपरान्त उस क्षेत्र के विशेषज्ञ की अथवा किसी ऐसे व्यक्ति, जिसे वह शब्दों से अथवा संकेतों द्वारा अपनी बात समझा सके, की सहायता से अभिलिखित की जा सकती है। (प्रकाश डाबर वि. म.प्र. राज्य) ...2349

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धाराएँ 137 व 138 – भा.द.सं. की धारा 452, 327 एवं 506–बी के अंतर्गत आरोप विरचित किये गये और साक्ष्य के उपरांत मामला निर्णय के लिए नियत किया गया – बाद में भा.द.सं. की धारा 325/34 एवं 323/34 के अतिरिक्त आरोप विरचित किये गये तथा साक्षियों को अतिरिक्त प्रतिपरीक्षा के लिए पुनः बुलाया गया – जिनमें से दो गवाह उपस्थित

Court should have considered the evidence of these two witnesses for charge u/ss. 452, 327 & 506-B IPC as the cross-examination was already over - Held - As per settled proposition of law the deposition of witnesses could not be taken into consideration if the same is not complete in accordance with the provision of Ss. 137 & 138 - Appeal against acquitted dismissed. [State of M.P. v. Pappoo @ Saleem] ...2383

Evidence Act (1 of 1872), Section 157 - *Statement of injured, recorded by doctor as dying declaration, is not inadmissible and it can be used as a former statement to corroborate the testimony of its maker.* [In Reference v. Mohammad Shafiq @ Munna @ Shafi] ...2405

Excellent Player Certificate - ***Cancellation - Permissibility*** - *Excellent Player Certificate granted to the petitioner cancelled for the alleged irregularity in the selection process - Action challenged - Held - Merely on the basis of the finding of certain irregularities in the procedure whereunder the players had no role to play, extreme steps were taken by cancelling the entire selection not warranted - Order quashed.* [Ashit Verma v. State of M.P.] ...*58

Explosive Substances Act (6 of 1908), Section 5 - *Appellant convicted for keeping explosive substance in his temporary house - Seizure witnesses interested and not of locality - Discrepancy in evidence of seizure officer and witnesses - No evidence that seized articles were sealed at spot, impression seal was affixed at the draft memo to FSL or sealed articles were kept in safe custody in the Maalkhana - The evidence not collected to the effect that house was in exclusive possession of appellant - No evidence to show that the appellant was having explosive substance for unlawful object - Held - Essential ingredient to prove the offence is lacking - Conviction and sentence of appellant set aside.* [Kishori Lal v. State of M.P.] ...2172

Financial Code, M.P. (Vol. I), Rules 22 & 23 - *Amount deposited before the trial Court by the tenant, not deposited in treasury and defalcated by Nazir -The petitioner/landlord when applied for withdrawal, he was declined to payment - Held - In case of defalcation or misappropriation of the amount, such amount has to be paid by the State by debiting it to the Head "S-Special Advance" and thereafter the aforesaid amount shall be recovered and deposited in the said head by the said Governement officials - The person who is entitled for the refund of the amount cannot be directed to file a civil suit for the recovery of the aforesaid amount from the estate of such employee, as explained by State Government vide circulars Nos. E-3/2/89/C-IV Dt. 30.12.1995 and M.P.F.D. Memo No.1220/IV-B-6/72 dt. 2.11.1972 - Petition allowed.* [Mehmooda Bai (Smt.) v. Central Bank of India] ...2310

Food Stuffs (Civil Supply & Distribution) Scheme, M.P. 1991, Clause 9(1) & 9(2) - See - *Essential Commodities Act, 1955, Section 3/7* [Ravindra Kumar v. State of M.P.] ...2176

नहीं किये जा सके – राज्य की ओर से अभिकथन किया गया कि न्यायालय को भा.द.सं. की धारा 452, 327 एवं 506–बी के अन्तर्गत आरोप के लिये इन दो साक्षियों की साक्ष्य पर विचार किया जाना चाहिये था क्योंकि प्रतिपरीक्षा पहले ही समाप्त हो गयी थी – अभिनिर्धारित – विधि की स्थापित प्रतिपादनाओं के अनुसार यदि साक्षियों का अभिसाक्ष्य धारा 137 एवं 138 के उपबंधानुसार पूर्ण नहीं है तो उसे विचार में नहीं लिया जा सकता – दोषमुक्ति के विरूद्ध अपील खारिज। (म.प्र. राज्य वि. पप्पू उर्फ सलीम) ...2383

साक्ष्य अधिनियम (1872 का 1), धारा 157 – चिकित्सक द्वारा मृत्युकालिक कथन के रूप में अभिलिखित क्षतिग्रस्त का कथन अग्राह्य नहीं है और उसे करने वाले के परिसाक्ष्य की सम्पुष्टि करने के लिए पूर्ववर्ती कथन के रूप में उसका उपयोग किया जा सकता है। (इन रेफरेन्स वि. मोहम्मद शफीक उर्फ मुन्ना उर्फ शफी) ...2405

उत्कृष्ट खिलाड़ी प्रमाण पत्र – रद्दकरण – अनुज्ञेयता – याची को प्रदत्त उत्कृष्ट खिलाड़ी प्रमाण पत्र, चयन प्रक्रिया में कथित अनियमितता के कारण रद्द किया गया – कार्यवाही को चुनौती दी गई – अभिनिर्धारित – मात्र प्रक्रिया में कुछ अनियमितताओं के पाये जाने के आधार पर, जहां खिलाड़ी कोई भूमिका नहीं रखते थे, संपूर्ण चयन को रद्द करके आत्यंतिक कदम उठाये गये, जो समर्थनीय नहीं हैं – आदेश अभिखंडित। (अशित वर्मा वि. म.प्र. राज्य) ---*58

विस्फोटक पदार्थ अधिनियम (1908 का 6), धारा 5 – अपने अस्थायी मकान मे विस्फोटक पदार्थ रखने के लिये अपीलार्थी की दोषसिद्धि – जप्ती के साक्षी हितबद्ध है और परिक्षेत्र के निवासी नहीं है – जप्ती अधिकारी एवं साक्षियों की साक्ष्य मे अंतर है – कोई साक्ष्य नहीं कि जप्त वस्तुएं मौके पर सील की गई थी, एफ.एस.एल. को ड्राफ्ट मेमो पर छापित सील लगाई गयी थी अथवा जप्त वस्तुओं को मालखाने मे सुरक्षित अभिरक्षा मे रखा गया था – इस परिणाम की कोई साक्ष्य एकत्रित नहीं की गयी कि मकान अपीलार्थी के अनन्य अधिपत्य मे था – यह दर्शाने वाली कोई साक्ष्य नही कि अपीलार्थी अपने पास विस्फोटक पदार्थ गैर कानूनी उद्देश्य के लिये रखा था – अभिनिर्धारित – अपराध साबित करने के लिए आवश्यक घटक का अभाव है – अपीलार्थी की दोषसिद्धि एवं दंडादेश अपास्त । (किशोरी लाल वि. म.प्र. राज्य) ...2172

वित्त संहिता, म.प्र. (खण्ड–एक) नियम 22 व 23 – भाड़ेदार द्वारा न्यायालय के समक्ष जमा की गई राशि, खजाने में जमा नहीं की गयी और नाजिर द्वारा गबन की गई – याची/भू–स्वामी ने जब निकालने के लिये आवेदन किया, उसे भुगतान से इंकार किया गया – अभिनिर्धारित – राशि के गबन अथवा दुर्विनियोजन होने के मामले में ऐसी राशि "एस–स्पेशल एडवांस" शीर्ष के नाम जमा करके राज्य द्वारा अदा करनी होगी और उसके पश्चात् उपरोक्त राशि को उक्त सरकारी कर्मचारियों द्वारा वसूला जायेगा तथा उक्त शीर्ष मे जमा किया जायेगा – जो व्यक्ति राशि के प्रतिदाय का हकदार है उसे ऐसे कर्मचारी की सम्पदा से उपरोक्त राशि की वसूली के लिये सिविल वाद प्रस्तुत करने का निर्देश नहीं दिया जा सकता, जैसा कि राज्य सरकार द्वारा परिपत्र क्र. ई–3/2/89/सी–चार, दिनांक 30.12.1995 और म.प्र. वित्त विभाग के ज्ञापन क्र. 1220/चार–बी–6/72, दिनांक 2.11.1972 द्वारा स्पष्ट किया गया है – याचिका मंजूर। (महमूदा बाई (श्रीमति) वि. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया) ...2310

खाद्य पदार्थ (नागरिक पूर्ति एवं वितरण) स्कीम, म.प्र. 1991, खण्ड 9(1) व 9(2) – देखें – आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955, धारा 3/7(रवीन्द्र कुमार वि. म.प्र. राज्य) ...2176

Forest Act (16 of 1927), Section 2(4), Forest Produce (Conservation of Biodiversity and Sustainable Harvesting) Rules, M.P. 2005, Rule 5 - *Forest Produce - Salai Gum - Held - Salai Gum is a Forest Produce and a notification in respect of it can be issued under Rule 5.* [Hargovind Nagaich v. State of M.P.] ...1916

Forest Produce (Conservation of Biodiversity and Sustainable Harvesting) Rules, M.P. 2005, Rule 5 - *Power to declare Closed Area -Divisional Forest Officer issuing a notification prohibiting of extraction of Salai Gum for more than singular area - Held - It is mandatory under the Rule to specify the area, but to say that composite area cannot be included, is not the object of Rule 5 - The notification issued for entire Protected and Reserved Forest is in consonance to Rule 5.* [Hargovind Nagaich v. State of M.P.] ...1916

Forest Produce (Conservation of Biodiversity and Sustainable Harvesting) Rules, M.P. 2005, Rule 5 - *Power to declare Closed Area - Divisional Forest Officer issuing a notification prohibiting of extraction of Salai Gum - Notification challenged on the ground that DFO has no jurisdiction to issue notification - Held - It is thus within the powers of the DFO posted in a territorial Forest Division, being an official authorized under Rules, 2005 to issue notification u/r 5.* [Hargovind Nagaich v. State of M.P.] ...1916

General Clauses Act (10 of 1897), Section 3(31) - See - *Land Acquisition Act, 1894, Section 6 Proviso,* [Vineet Kabra v. State of M.P.]...2533

General Sales Tax Act, M.P. 1958 (2 of 1959), Section 19(1) - *Where the entire assessment order (dt. 19.03.1991) was not merged in the assessment order (dt. 26.10.1994) which was passed after remand, the initiation of proceedings u/s 19(1) of the Act (dt. 23.09.1997) for re-opening of the alleged escaped assessment of the items regarding which no appeal was filed could not have been ordered being barred by limitation.* [Vikram Cement v. Commissioner of Commercial Tax] FB...2443

High Court of Madhya Pradesh Rules, 2008, Rules 15 & 22 - *Non-obstante clause in Rule 22 of Chapter IV of the High Court of M.P. Rules, 2008 does not overrides the guideline, as incorporated in Rule 15 of the same Chapter, for listing of a subsequent application for suspension of sentence/grant of bail.* [Ram Pratap v. State of M.P.] FB...1896

Hindu Law - *Coparceners property - Right of coparceners - Whereas the ancestral property is inherited by the Karta or member of any branch of such family in his name even then the other male member of his branch the sons being coparcner and if they are / he is predeceased then their/his natural heirs has their vested right in such property and on arising the occasion the same be partitioned between them according to their share as coparceners of such family.* [Golman v. Muniya Bai] ...2588

वन अधिनियम (1927 का 16), धारा 2(4), वन उपज (जैव विविधता का संरक्षण एवं पोषणीय कटाई) नियम, म.प्र. 2005, नियम 5 – वन उपज – सलाई गम – अभिनिर्धारित – सलाई गम वन उपज है तथा उसके संबंध मे नियम 5 के अंतर्गत अधिसूचना जारी की जा सकती है। (हरगोविंद नगाइच वि. म.प्र. राज्य) ...1916

वन उपज (जैव विविधता का संरक्षण एवं पोषणीय कटाई) नियम, म.प्र. 2005, नियम 5 – निषिद्ध क्षेत्र घोषित करने की शक्ति – एक से अधिक क्षेत्र के लिए सलाई गम निकालने से प्रतिबंधित करने वाली प्रभागीय वन अधिकारी द्वारा जारी अधिसूचना अभिनिर्धारित क्षेत्र विनिर्दिष्ट करना नियम के अंतर्गत बाध्यकारी है परंतु यह कहना कि संयुक्त क्षेत्र सम्मिलित नही किया जा सकता, यह नियम 5 का उद्देश्य नही है – संपूर्ण संरक्षित तथा आरक्षित वन के लिए जारी की गयी अधिसूचना नियम 5 के अनुरूप है । (हरगोविंद नगाइच वि. म.प्र. राज्य) ...1916

वन उपज (जैव विविधता का संरक्षण एवं पोषणीय कटाई) नियम, म.प्र. 2005, नियम 5 – निषिद्ध क्षेत्र घोषित करने की शक्ति – प्रभागीय वन अधिकारी द्वारा जारी सलाई गम निकालने से प्रतिबंधित करने वाली अधिसूचना – अधिसूचना को इस आधार पर चुनौती कि प्रभागीय वन अधिकारी को अधिसूचना जारी करने की अधिकारिता नही – अभिनिर्धारित – क्षेत्रीय वन प्रभाग मे पदस्थ प्रभागीय वन अधिकारी नियम, 2005 के अधीन प्राधिकृत होते हुए, नियम 5 के अधीन अधिसूचना जारी करना उसकी शक्तियों के भीतर है। (हरगोविंद नगाइच वि. म.प्र. राज्य)...1916

साधारण खण्ड अधिनियम (1897 का 10), धारा 3(31) – देखें – भूमि अर्जन अधिनियम, 1894, धारा 6 परन्तुक, (विनीत काबरा वि. म.प्र. राज्य) ...2533

साधारण विक्रय–कर अधिनियम, म.प्र. 1958 (1959 का 2), धारा 19(1) – जहाँ प्रतिप्रेषण के उपरान्त पारित कर निर्धारण आदेश (तारीख 26.10.1994) में सम्पूर्ण कर निर्धारण आदेश (तारीख 19.03.1991) का विलय नहीं किया गया, वहाँ तथाकथित निर्धारण से छूट जाने वाली मदों, जिनके सम्बन्ध में कोई अपील प्रस्तुत नहीं की गयी, का निर्धारण पुनः चालू करने के लिए अधिनियम की धारा 19(1) के अन्तर्गत कार्यवाही का आरम्भ (तारीख 23.09.1997) परिसीमा द्वारा बाधित होने के कारण आदेशित नहीं किया जा सकता। (विक्रम सीमेंट वि. कमिशनर ऑफ कमर्शियल टैक्स)FB---2443

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय नियम, 2008, नियम 15 व 22 – दण्डादेश के निलंबन/जमानत के अनुदान के लिए पश्चात्वर्ती आवेदन को सूचीबद्ध करने के लिए म.प्र. उच्च न्यायालय नियम, 2008 के अध्याय IV के नियम 22 में सर्वोपरि खण्ड इसी अध्याय के नियम 15 में सम्मिलित मार्गदर्शक सिद्धांत के अभिभावी नहीं होता। (राम प्रताप वि. म.प्र. राज्य) FB---1896

हिन्दू विधि – सहदायिक सम्पत्ति – सहदायिक का अधिकार – जबकि पैतृक सम्पत्ति, कर्ता या ऐसे परिवार की किसी शाखा के सदस्य द्वारा उसके नाम से विरासत में प्राप्त की जाती है तब भी उसकी शाखा के अन्य पुरूष सदस्य पुत्रगण सहदायिक होने के नाते एवं यदि वे/वह पूर्वमृत हों तब उनके/उसके नैसर्गिक वारिस ऐसी सम्पत्ति में निहित अधिकार रखते हैं और अवसर आने पर उसे ऐसे परिवार के सहदायिक के रूप में उनके हिस्से के अनुसार उनमें विभाजित किया जा सकता है। (गोलमन वि. मुनिया बाई) ...2588

prescribed. Notification dated 14.03.2008 and 05.09.2007, quashed. [Bhopal Citizen's Forum v. State of M.P.] ...2111

Nagar Tatha Gram Nivesh Adhiniyam, M.P. (23 of 1973) (As amended by Act No.22 of 2005) Section 23-A (2)-*Manner of publication of notice of modification of development plan or Zoning plan by State Government in section 23-A(2) is mandatory in nature.* [Bhopal Citizen's Forum v. State of M.P.] ...2111

Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act (61 of 1985), Sections 8/18 & 8/18/29 - *Independent witnesses were hostile - Bulk quantity of seized opium formula was not produced at the time of evidence - At the time of seizure of opium formula articles A, B, C, D were not marked on the samples - Similarly, on both bulk quantity packets no articles were marked - At the time of deposit of seized property in the Malkhana in the office of CBN, it was not resealed with the seal of Officer Incharge of Malkhana - Impression of seal and seal were not deposited in the Malkhana at the time of seizure - Local witnesses were not collected but the pocket witnesses were called on the spot by the raiding party - Samples were deposited in the Court after 1 year and 5 months with unexplained delay - Malkhana Incharge not examined - Preparation of the Panchanamas was doubtful and not reliable - Appellants are not liable to be convicted - Appeal allowed.* [Makhmad Khan v. CBN, Mandsaur] ...2633

Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act (61 of 1985), Section 8/18(b) - *Independent witnesses not supporting the prosecution case - The proceeding u/s 52-A of the Act was not proved - Search of the lady accused and the notice u/s 50 of the Act was defective - Seized property was not produced before Court during trial - The appellants were not liable to be convicted - Conviction set aside.* [Bansilal v. State of M.P.] ...*77

Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act (61 of 1985), Sections 8/18(b) & 8/21(c) - *Proof - Independent witnesses not supporting prosecution case - Compliance of S. 52 not proved - House from where the contraband was seized, not proved to be in ownership and possession of accused - Seized property/contraband not produced before Court and only samples were produced - Held - Accused not liable to be convicted.* [Mulchand v. Union of India] ...*65

Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act (61 of 1985), Sections 8 & 20(b)(ii)(B) - *Appellant was held with 15.250 Kgs of Ganja - During trial the seized contraband 'Ganja' was not produced as article of evidence, before the Court - Held - Prosecutor-in-charge failed to request and trial judge failed to direct for production of the samples of contraband during trial as expected from them in wake of principle laid down in Zahira's case - Case remitted for getting the sample marked as articles of evidence*

अधिसूचना दिनांकित 14–3–2008 एवं 05–09–2007, अभिखंडित । (भोपाल सिटीजनस् फोरम वि. म.प्र. राज्य) ...2111

नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, मध्यप्रदेश (1973 का 23) (अधिनियम क्रं0 2005 का 22 द्वारा यथा संशोधित), धारा 23 –A (2)– धारा 23–A (2) में राज्य सरकार द्वारा विकास परियोजना अथवा जोनिंग परियोजना के परिवर्तन की सूचना के प्रकाशन की रीति आज्ञापक स्वरूप की है । (भोपाल सिटीजनस् फोरम वि. म.प्र. राज्य) ...2111

स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (1985 का 61), धाराएँ 8/18 व 8/18/29 – स्वतंत्र साक्षी पक्षद्रोही हो गये – बड़ी मात्रा में अभिग्रहीत अफीम फार्मूला को साक्ष्य के समय प्रस्तुत नहीं किया गया – अफीम फार्मूला के अभिग्रहण के समय नमूनों पर अ, ब, स, द, वस्तु के रूप में चिन्हित नहीं किया गया – इसी प्रकार वृहद् परिमाण वाले दोनों पैकेटों पर वस्तु चिन्हित नहीं किया गया – अभिग्रहीत संपत्ति को सी.बी.एन. कार्यालय में मालखाना में जमा करते समय उसे मालखाने के प्रभारी अधिकारी की सील से पुनः सील नहीं किया गया – अभिग्रहण के समय सील की छाप एवं सील को मालखाना में जमा नहीं किया गया – स्थानीय साक्षियों को एकत्रित नहीं किया गया, बल्कि छापा दल द्वारा अपने गवाहों को मौके पर बुलाया गया – नमूनों को न्यायालय में 1 वर्ष 5 माह बाद अस्पष्टीकृत विलम्ब के साथ जमा किया गया – मालखाना प्रभारी की परीक्षा नहीं करायी गयी – पंचनामों को तैयार किया जाना संदेहपूर्ण और विश्वसनीय नहीं – अपीलार्थी दोषसिद्ध किये जाने के दायी नहीं हैं – अपील मंजूर। (मखमद खान वि. सी.बी.एन., मंदसौर) ...2633

स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (1985 का 61) धारा 8/18(बी) – स्वतंत्र साक्षियों ने अभियोजन के मामले का समर्थन नहीं किया – अधिनियम की धारा 52–ए के अतंर्गत कार्यवाही सिद्ध नहीं हुई – महिला अभियुक्त की तलाशी तथा अधिनियम की धारा 50 के अन्तर्गत सूचना त्रुटिपूर्ण थी – अभिग्रहीत सम्पत्ति विचारण के दौरान न्यायालय में प्रस्तुत नहीं की गयी – अपीलार्थीगण दोषसिद्ध किये जाने योग्य नहीं थे – दोषसिद्धि अपास्त। (बंशीलाल वि. म.प्र. राज्य) ---*77

स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (1985 का 61), धाराएँ 8/18(बी) व 8/21(सी) – सबूत – स्वत्रंत साक्षियों ने अभियोजन का समर्थन नहीं किया – धारा 52 का अनुपालन साबित नहीं हुआ – घर, जहाँ से निषिद्ध पदार्थ अभिग्रहीत किया गया अभियुक्त के स्वामित्व और कब्जे का होना साबित नहीं हुआ – अभिग्रहीत सम्पत्ति/निषिद्ध पदार्थ न्यायालय के समक्ष पेश नहीं किया गया और केवल नमूने पेश किये गये – अभिनिर्धारित – अभियुक्त दोषसिद्ध किये जाने के लिए दायी नहीं। (मूलचंद वि. यूनियन ऑफ इंडिया) ---*65

स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (1985 का 61), धारा 8 एवं 20(बी)(ii)(बी) – अपीलार्थी 15.250 किलोग्राम गांजे के साथ पकड़ा गया – विचारण के दौरान अभिग्रहीत विनिषिद्ध गांजा साक्ष्य की वस्तु के तौर पर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया – अभिनिर्धारित – भारसाधक अभियोजक निवेदन करने में विफल रहा और विचारण न्यायाधीश विचारण के दौरान विनिषिद्ध गांजे का नमूना प्रस्तुत करने के लिए निदेशित करने में असफल रहा जैसा कि जाहिरा के मामले में अधिकथित सिद्धांत के आलोक में उनसे अपेक्षित था – नमूना साक्ष्य

and also to the defence for challenging the identity thereof. [Nannu Sahu v. State of M.P.] ...2191

Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act (61 of 1985), Sections 8/29(18b) & 8/29(21-c) - *Rs.1,57,000/- recovered from accused / appellant in persuance of statement of co-accused that he had given advance of Rs.1,60,000/- to accused - Held - The statement of co-accused is doubtful and not reliable, recovery of money from house of accused is not proved, and it has also not been proved that the accused had received that money from co-accused - Conviction and sentence can not be sustained.* [Mulchand v. Union of India] ...*65

Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act (61 of 1985), Narcotic Drugs and Psychotropic Substance Rules, 1985 - *Cancellation of license - Petitioner's license for cultivation of opium poppy cancelled as he was not eligible as per the General Conditions of Contract - Held - The general conditions for grant of license have got force of law and it govern the eligibility test for grant of license.* [Radheshyam v. Union of India] ...*34

Narcotic Drugs and Psychotropic Substance Rules, 1985 - See - *Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1985,* [Radheshyam v. Union of India] ...*34

National Security Act (65 of 1980), Section 2 - ***Law & Order and Public Order - Distinguished - Held*** - *The true distinction between the areas of "law and order" and "public order" lies upon the degree and extent of the reach of an act upon the community or specified locality - The acts causing disturbance of public order need not necessarily differ in nature and quality, but must differ in the degree and extent of reach upon the community or public at large.* [Sayeed Mohd. v. Union of India] ...2500

National Security Act (65 of 1980), Section 2(3) - ***Detention - Public Order - What amounts to - Held*** - *Petitioner along with his associates and armed with swords, brutally murdered the Priest at the time of worship when others were present - Held - This crime was committed by detenu at a public place in the presence of number of people - It would have affect of disturbing the public tranquility and creating terror in the locality.* [Sayeed Mohd. v. Union of India] ...2500

National Security Act (65 of 1980), Section 3(2) - *Detention of a person already in detention - Whether the detaining authority was aware of the fact that the detenu on being suspected of having committed a serious offence, was already in jail - Held - There is nothing to indicate the awareness of the detaining authority that detenu was already in jail and yet the impugned detention order was made - This clearly exhibits non-application of mind - Order quashed.* [Chhenu @ Yunus v. State of M.P.] ...*26

की वस्तु के रूप में चिन्हित कराने और उसकी पहचान को चुनौती देने के लिए बचाव हेतु मामला प्रतिप्रेषित किया गया। (नन्नू साहू वि. म.प्र. राज्य) ...2191

स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (1985 का 61), धाराएँ 8/29(18–बी) व 8/29(21–सी) – सह–अभियुक्त के कथन, कि उसने 1,60,000/– रुपये का अग्रिम अभियुक्त को दिया था, के अनुसरण में अभियुक्त/अपीलार्थी से 1,57,000/– रुपये बरामद किये गये – अभिनिर्धारित – सह–अभियुक्त का कथन शंकास्पद है और विश्वसनीय नहीं है, अभियुक्त के घर से रुपये की बरामदगी साबित नहीं हुई है, और यह भी साबित नहीं हुआ है कि अभियुक्त ने वह रुपया सह–अभियुक्त से प्राप्त किया था – दोषसिद्धि और दण्डादेश कायम नहीं रखे जा सकते। (मूलचंद वि. यूनियन ऑफ इंडिया) ---*65

स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (1985 का 61) – स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ नियम, 1985 – अनुज्ञप्ति का निरस्तीकरण – याची की अफीम की खेती करने की अनुज्ञप्ति निरस्त की गई क्योंकि वह संविदा की सामान्य शर्तों के अनुसार पात्र नहीं था – अभिनिर्धारित – अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए सामान्य शर्तों को विधि की शक्ति प्राप्त है और अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए वह पात्रता कसौटी को शासित करता है। (राधेश्याम वि. यूनियन ऑफ इंडिया) ---*34

स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ नियम, 1985 – देखें – स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (राधेश्याम वि. यूनियन ऑफ इंडिया) ---*34

राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (1980 का 65), धारा 2 – कानून एवं व्यवस्था तथा लोक व्यवस्था – भेद किया गया – अभिनिर्धारित – "कानून एवं व्यवस्था" तथा "लोक व्यवस्था" के क्षेत्रों के मध्य सही विभेद समुदाय या विनिर्दिष्ट स्थानीयता पर किसी कृत्य की पहुँच की मात्रा एवं सीमा पर अवलंबित होता है – ऐसा आवश्यक नही है कि लोक व्यवस्था मे व्यवधान कारित करने वाले कृत्य के गुण एवं प्रकृति में आवश्यक रूप से भेद हो, किन्तु समुदाय अथवा जनता तक पहुँच की मात्रा एवं सीमा में भेद होना चाहिए। (सईद मोहम्मद वि. यूनियन ऑफ इंडिया) ...2500

राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (1980 का 65), धारा 2(3) – निरोध – लोक व्यवस्था – किस कोटि में आता है – अभिनिर्धारित – याची ने पूजा के समय जब अन्य लोग भी उपस्थित थे, अपने सहयोगियों के साथ तलवार से पुजारी की नृशंसतापूर्वक हत्या कर दी – अभिनिर्धारित – निरुद्ध व्यक्ति द्वारा यह अपराध लोक स्थान पर अनेक लोगों की उपस्थिति में किया गया – यह लोक शांति भंग करने तथा उस स्थान में आतंक उत्पन्न करने का प्रभाव रखता है। (सईद मोहम्मद वि. यूनियन ऑफ इंडिया) ...2500

राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (1980 का 65), धारा 3(2) – पूर्व से निरुद्ध व्यक्ति का निरोध – क्या निरोध प्राधिकारी को इस बात का ज्ञान था कि निरुद्ध व्यक्ति किसी गम्भीर अपराध को किये जाने के संदेह पर पूर्व से जेल में था – अभिनिर्धारित – निरोध प्राधिकारी के इस ज्ञान को उपदर्शित करने के लिए कुछ नहीं है कि निरुद्ध व्यक्ति पहिले से जेल में था और फिर भी आक्षेपित निरोध का आदेश किया गया था – यह स्पष्टतः बुद्धि का उपयोग न किये जाने का द्योतक है – आदेश निरस्त। (चीनू उर्फ यूनुस वि. म.प्र. राज्य) ---*26

National Security Act (65 of 1980), Section 3(2) - *Detention of a person already in detention - Whether warranted - Held - A detention order can validly be passed if the authority is aware of the fact that he is actually in custody - If he has reason to believe on the basis of the reliable material that there is a possibility of his being released on bail and that on being so released, the detenu would in all probabilities indulge in prejudicial activities.* [Chhenu @ Yunus v. State of M.P.] ...*26

National Security Act (65 of 1980), Section 3(2) - *Where respondents have failed to point out even a single act relating to the public order proximate in point of time when the order of detention was passed and they have also failed to justify the need for passing the detention order when the petitioner is already in jail, the order of detention cannot be sustained - Order of detention set aside.* [Sanjay v. State of M.P.] ...*88

Negotiable Instruments Act (26 of 1881), Sections 7, 138 & 142 - *Cognizance - Cognizance of the matter can be taken upon complaint in writing by payee or holder in due course of cheque - Cheque was issued in favour of father of non-applicant - No where in complaint it is stated that payee has died and who are legal representatives - No where stated that how non-applicant is entitled for the cheque amount - The complaint is not maintainable - Petition allowed.* [Kishore Goyal v. Hanif Patel] ...1994

Negotiable Instruments Act (26 of 1881), Section 138 - *Dishonour of cheque on the ground of death of partner with intention to force the petitioner/accused for doing necessary formalities on the death of partner - Cannot make the petitioner liable for punishment u/s 138 of the Act.* [Yogendra Gupta v. Smt. Renu Agrawal] ...*96

Negotiable Instruments Act (26 of 1881), Section 138 - *Non-applicant issued a cheque on behalf of M/s Vaibhav Enterprises which was not arraigned as an accused - Held - The only fact that the non-applicant had issued the cheque, by itself, was not sufficient to attract penal liability for the offence u/s 138 as he was able to establish that his authority as the drawer had ceased to continue till the date it was presented for encashment - In other words, the applicant had failed to prove that the non-applicant had played some role at the time when the cheque was dishonoured - Acquittal upheld.* [Kamla Rusiya (Smt.) v. State of M.P.] ...2001

Negotiable Instruments Act (26 of 1881), Section 138 - See - *Criminal Procedure Code, 1973, Section 178(d)* [Murli Dhar v. Ishwar Dayal Girdhani] ...2230

Niji Vyavsayik Shikshan Sanstha (Pravesh Ka Viniyaman Avam Shulk Ka Nirdharan) Adhiniyam, M.P. (21 of 2007), Admission (Reservation to NRI) Regulation, M.P. 2009, Regulation 3 & 5 - *Vires of - Challenged being repugnant to the provision of Chapter VIII of AICTE Regulations, 2010* -

राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (1980 का 65), धारा 3(2) – पूर्व से निरुद्ध व्यक्ति का निरोध – क्या न्यायसगंत है – अभिनिर्धारित – निरुद्ध किये जाने का आदेश वैध रूप में तभी पारित किया जा सकता है जबकि प्राधिकारी को उसके वास्तव में अभिरक्षा में होने का तथ्य ज्ञात हो – यदि उसे यह विश्वास करने का कारण हो कि विश्वसनीय तथ्यों के आधार पर उसे जमानत पर छोड़े जाने की संभावना है तथा इस प्रकार रिहा होने पर बन्दी व्यक्ति के अवैध गतिविधियों में आलिप्त होने की सभी संभावनायें है। (चीनू उर्फ यूनुस वि. म.प्र. राज्य) ---*26

राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (1980 का 65), धारा 3(2) – जहाँ प्रत्यर्थी उस समय बिन्दु के समीप जब निरोध का आदेश पारित किया गया, लोक व्यवस्था संबंधी किसी एक कार्य को बताने में असफल रहे हों एवं वे उस समय जब कि याची पूर्व से जेल में है, निरोध का आदेश पारित किये जाने का औचित्य बताने में भी असफल रहे हों, वहाँ निरोध का आदेश कायम नहीं रखा जा सकता है – निरोध का आदेश अपास्त। (संजय वि. म.प्र. राज्य) ---*88

परक्राम्य लिखत अधिनियम (1881 का 26), धाराएँ 7, 138 व 142 – संज्ञान – मामले का संज्ञान चैक के पाने वाले या सम्यक् अनुक्रम–धारक द्वारा लिखित परिवाद पर लिया जा सकता है – चैक अनावेदक के पिता के पक्ष में जारी किया गया – परिवाद में यह कहीं भी उल्लिखित नहीं है कि पाने वाले की मृत्यु हो गयी है और विधिक प्रतिनिधि कौन हैं – कहीं भी उल्लिखित नहीं कि अनावेदक किस प्रकार चैक की राशि का हकदार है – परिवाद पोषणीय नहीं है– याचिका मंजूर। (किशोर गोयल वि. हनीफ पटेल) ...1994

परक्राम्य लिखत अधिनियम (1881 का 26), धारा 138 – साझेदार के निधन के आधार पर याची/अभियुक्त को साझेदार के निधन पर आवश्यक औपचारिकताएँ करने के लिये विवश करने के आशय से चैक का अनादरण – याची को अधिनियम की धारा 138 के अन्तर्गत सजा के लिए दायी नहीं बना सकता। (योगेन्द्र गुप्ता वि. श्रीमति रेनू अग्रवाल) ---*96

परक्राम्य लिखत अधिनियम (1881 का 26), धारा 138 – अनावेदक ने मेसर्स वैभव एंटरप्राईजेज की ओर से चैक जारी किया जिसे अभियुक्त के तौर पर आरोपित नहीं किया गया – अभिनिर्धारित – केवल यह तथ्य कि अनावेदक ने चैक जारी किया था अपने आप में धारा 138 के अंतर्गत शास्तिक दायित्व को आकृष्ट करने के लिये पर्याप्त नहीं था क्योंकि वह यह साबित करने में सक्षम था कि लेखीवाल के तौर पर उसका प्राधिकार उस दिनांक तक समाप्त हो गया था जब उसे भुनाने के लिये प्रस्तुत किया गया था – अन्य शब्दों में आवेदक यह साबित करने में विफल रहा कि जब चैक का अनादरण हुआ था, उस समय अनावेदक ने कोई भूमिका निभाई थी – दोषमुक्ति की पुष्टि की गयी। (कमला रूसिया (श्रीमति) वि. म.प्र. राज्य) ...2001

परक्राम्य लिखत अधिनियम (1881 का 26), धारा 138 – देखें – दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973, धारा 178(डी) (मुरलीधर वि. ईश्वर दयाल गिरधानी) ...2230

निजी व्यावसायिक शिक्षण संस्था (प्रवेश का विनियमन एवं शुल्क का निर्धारण) अधिनियम, म.प्र. (2007 का 21), प्रवेश (अनिवासी भारतीय को आरक्षण) विनियम, म.प्र. 2009, विनियम 3 व 5 – की शक्तिमत्ता – एआईसीटीई विनियम, 2010 के अध्याय VIII के उपबंधों के प्रतिकूल होने के कारण चुनौती – अभिनिर्धारित – अधिनियम को न तो सद्भाविक

Held - Regulation cannot be said to be defeating the object with regard to a bona fide NRI nor it can be said to be violative of definition of NRI as contained in Regulation 2.19 of AICTE Regulation - No repugnancy found in AICTE Regulations and NRI Regulations 2009 framed by State Government. [Lalit Tongia v. State of M.P.] ...*81

**Niji Vyavsayik Shikshan Sanstha (Pravesh Ka Viniyaman Avam Shulk Ka Nirdharan) Adhiniyam, M.P. (21 of 2007), Section 8, Private Medical and Dental Under Graduage Entrance Examination Rules, M.P. 2009, Rule 9 - *Vires of* - *Challenged on the grounds that (i) No provision has been made for reservation of freedom fighter category, while the State Government has issued rules for Pre-Engineering and Pharmacy Test (PEPT) 2009 making a provision for reservation to freedom fighter category students, (ii) State Government has not explained the reason for not making such reservation - Held - On the basis of framing of another Rule, the Rule of 2009 cannot be declared as ultra vires - Until and unless the rule is in contravention of constitutional provision or statutory provision, such Rule cannot be declared as ultra vires - Petition dismissed.* [Akanksha Pandey v. State of M.P.]...2541

**Niji Vyavsayik Shikshan Sanstha (Pravesh Ka Viniyaman Avam Shulk Ka Nirdharan) Adhiniyam, M.P. (21 of 2007), Section 9 - *Held - Act of the Admission and Fees Regulatory Committee (AFRC) in determination of fee is quasi judicial in nature and it is obligatory on the part of AFRC to pass reasoned order after considering all the document and claimes submitted by the institution in accordance with regulation of 2008.* [Institute of Technology & Management v. Govt. of M.P.] ...*43

**Official Language Act, M.P., 1957 (5 of 1958), Section 3 - See - *Criminal Procedure Code, 1973, Section 265* [Mohd. Aslam v. State of M.P.] ...2428

**Official Languages Act (19 of 1963), Section 3(4) - See - *Constitution, Articles 343 & 344* [Raghvendra Prasad Gautam v. Union Bank of India]FB...2275

**Panchayat Raj Evam Gram Swaraj Adhiniyam, M.P. 1993 (1 of 1994) - *Appointment of Panchayat Karmi - Scheme - Eligibility* - *Candidate should be 10th pass - Held - Selection should be decided on the basis of eligibility criteria - Acquisition of better qualification would not provide any further benefit - Order of appointment in favour of candidate having highest marks in 10th standard upheld - Petition dismissed.* [Bherulal v. State of M.P.]...1907

**Panchayat Raj Evam Gram Swaraj Adhiniyam, M.P. 1993 (1 of 1994), Section 36 - *A person must incur the disqualifications as has been enumerated in sub-section (1) of S. 36 which is condition precedent for invoking sub-section (3) of S. 36 of the Adhiniyam.* [Raminder Singh Kalra v. Kanhaiya Tiwari] ...2468

**Panchayat Raj Evam Gram Swaraj Adhiniyam, M.P. 1993 (1 of 1994), Section 85(1) - *Challenge of appointment of Panchayat Karmi by resolution*

अनिवासी भारतीय संबंधी उद्देश्य को निष्फल करने वाला कहा जा सकता और न ही इसे एआईसीटीई विनियम के विनियम 2.19 में समाविष्ट अनिवासी भारतीय की परिभाषा का उल्लंघनकारी कहा जा सकता है – एआईसीटीई विनियम और राज्य सरकार द्वारा विरचित अनिवासी भारतीय विनियम, 2009 में कोई प्रतिकूलता नहीं पायी गयी। (ललित टोंगिया वि. म.प्र. राज्य) ---*81

निजी व्यावसायिक शिक्षण संस्था (प्रवेश का विनियमन एवं शुल्क का निर्धारिण) अधिनियम, म.प्र. (2007 का 21), धारा 8, निजी चिकित्सा और दंत पूर्वस्नातक प्रवेश परीक्षा नियम, म.प्र. 2009, नियम 9 – की शक्तिमत्ता – को इन आधारों पर चुनौती दी गयी कि (i) स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रेणी के आरक्षण के लिए कोई उपबंध नहीं किया गया है, जबकि राज्य सरकार ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए आरक्षण का उपबंध करते हुए पूर्व–अभियांत्रिकी और फार्मेसी परीक्षा (पीईपीटी) 2009 के लिए नियम जारी किये हैं, (ii) राज्य सरकार ने ऐसा आरक्षण न करने का कारण स्पष्ट नहीं किया है – अभिनिर्धारित – दूसरा नियम विरचित करने के आधार पर, नियम 2009 को अधिकारातीत घोषित नहीं किया जा सकता – जब तक नियम संवैधानिक उपबंध अथवा कानूनी उपबंध के उल्लंघन में न हों, ऐसे नियम को अधिकारातीत घोषित नहीं किया जा सकता है – याचिका खारिज। (आकांक्षा पांडे वि. म.प्र. राज्य) ...2541

निजी व्यावसायिक शिक्षण संस्था (प्रवेश का विनियमन एवं शुल्क का निर्धारिण) अधिनियम, म.प्र. (2007 का 21), धारा 9 – अभिनिर्धारित – शुल्क का निर्धारण करने की एडमीशन एण्ड फीस रेग्यूलेटरी कमेटी (ए.एफ.आर.सी.) की कार्यवाही न्यायिक कल्प प्रकृति की है और 2008 के विनियमन के अनुसार सभी दस्तावेज और दावों पर विचारोपरांत सकारण आदेश पारित करना ए.एफ.आर.सी. के लिये बाध्यकारी है। (इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड मेनेजमेन्ट वि. गव्हरमेंट ऑफ एम.पी.) ---*43

राजभाषा अधिनियम, म.प्र., 1957 (1958 का 5), धारा 3 – देखें – दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973, धारा 265 (मो. असलम वि. म.प्र. राज्य) ...2428

राजभाषा अधिनियम (1963 का 19), धारा 3(4) – देखें – संविधान, अनुच्छेद 343 व 344 (राघवेन्द्र प्रसाद गौतम वि. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया) FB---2275

पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, म.प्र. 1993 (1994 का 1) – पंचायत कर्मी की नियुक्ति – स्कीम – पात्रता – अभ्यर्थी 10वीं उत्तीर्ण होना चाहिये – अभिनिर्धारित – चयन का विनिश्चय पात्रता मानदंड के आधार पर होना चाहिये – बेहतर अर्हता का अर्जन कोई अतिरिक्त लाभ प्रदान नहीं करेगा – 10वीं में उच्चतम अंक रखने वाले अभ्यर्थी के पक्ष में नियुक्ति के आदेश की पुष्टि की गयी – याचिका खारिज। (भेरूलाल वि. म.प्र. राज्य) ...1907

पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, म.प्र. 1993 (1994 का 1), धारा 36 – किसी व्यक्ति का अधिनियम की धारा 36(1) में वर्णित निर्योग्यताओं में से किसी से ग्रस्त होनां आवश्यक है, जो धारा 36(3) के अवलंब के लिए पूर्ववर्ती शर्त है। (रामिन्दर सिंह कालरा वि. कन्हैया तिवारी) ...2468

पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, म.प्र. 1993 (1994 का 1), धारा 85(1) – संकल्प द्वारा पंचायत कर्मी की नियुक्ति को चुनौती – नियुक्ति का आदेश एस.डी.ओ. को अपील

- *Order of appointment is appealable to SDO, however having fought the matter before various forums and having regard to the fact that the matter stood decided on merits also, the second respondent cannot be directed to go before the SDO for litigating the issue once again afresh.* [Mahesh v. State of M.P.] ...2057

Panchayat Raj Evam Gram Swaraj Adhiniyam, M.P. 1993 (1 of 1994), Section 85(1) - *Resolution - The scheme required that the marks obtained in the 10th Class shall decide the fate of the candidate then that only ought to have been done.* [Mahesh v. State of M.P.] ...2057

Panchayat Raj Evam Gram Swaraj Adhiniyam, M.P. 1993 (1 of 1994), Section 86(1) & 86(2) - *Power of State Government to issue order directing Panchayat for execution of work in certain cases - Appointment of Panchayat Karmi - When justified - Panchayat Karmi appointed u/s 86(1) of the Adhiniyam, but the Sarpanch of Gram Panchayat did not allow him to join - Held - Once an appointment was already made u/s 86(1) of the Adhiniyam, then there was no question of any appointment u/s 86(2) of the Adhiniyam, until & unless earlier appointment is set aside by a competent authority.* [Chitrarekha Saulakhe (Ku.) v. Suresh Saulakhe] ...1945

Penal Code (45 of 1860), Section 84 - ***Plea of insanity*** - *PWs admitted in cross-examination that appellant was insane and he also used to take treatment - Jailor's evidence and Doctor's certificate indicates that the appellant was treated for schizophrennia during 06.12.98 to 18.06.99 in mental hospital - But, no medical evidence on record to indicate that before or at the time of commission of offence, appellant was suffering from any mental disorder or insanity so as to be incapable of understanding the nature of his act - Plea of insanity found rightly rejected by trial Court.* [Kodulal @ Laxman v. State of M.P.] ...2181

Penal Code (45 of 1860), Sections 147 & 302/34 - ***Appeal against acquittal*** - *Trial Court acquitted the accused persons on grounds that the evidence not reliable and FIR ante-timed - Held - The trial Court recorded the acquittal on flimsy grounds and discarded the ocular evidence without any compelling and justifying reasons - Respondents convicted u/s 302/34 IPC and sentenced to imprisonment for life - Appeal allowed.* [State of M.P. v. Paramlal] ...2357

Penal Code (45 of 1860), Sections 148, 149 & 302 - *Eye witnesses' account is not duly corroborated by medical evidence - I.O. failed to assign any reason as to why these witnesses were examined after 4-5 days of the incident - Statement of witnesses regarding time of lodging of Dehati Nalishi, contradictory - Conviction and sentence passed by trial Court set aside - Appeal allowed.* [Radhiya @ Radheshyam v. State of M.P.] ...2379

योग्य है, तथापि विभिन्न फोरमों के समक्ष मामला लड़ने के बाद तथा इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि मामला गुणदोषों पर भी विनिश्चित हुआ था, द्वितीय प्रत्यर्थी को विवाद का पुनः नये सिरे से वादकरण करने के लिए एस.डी.ओ. के समक्ष जाने के लिये निदेशित नहीं किया जा सकता। (महेश वि. म.प्र. राज्य) ...2057

पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, म.प्र. 1993 (1994 का 1), धारा 85(1) – संकल्प – स्कीम की अपेक्षा है कि 10वीं कक्षा में प्राप्त अंक अभ्यर्थी के भाग्य का फैसला करेंगे, तब केवल वही करना चाहिए था। (महेश वि. म.प्र. राज्य) ...2057

पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, म.प्र. 1993 (1994 का 1), धारा 86(1) व 86(2) – कतिपय मामलों में कार्य के निष्पादन के लिये पंचायत को निर्देशित करने का आदेश जारी करने की राज्य सरकार की शक्ति – पंचायत कर्मी की नियुक्ति – कब न्यायानुमत – पंचायत कर्मी की नियुक्ति अधिनियम की धारा 86(1) के अन्तर्गत की गई किन्तु ग्राम पंचायत के सरपंच ने उसे पदग्रहण करने नहीं दिया – अभिनिर्धारित – एक बार यदि अधिनियम की धारा 86(1) के अंतर्गत नियुक्ति की गई थी तब अधिनियम की धारा 86(2) के अंतर्गत किसी नियुक्ति का कोई प्रश्न नहीं था जब तक कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा पूर्वतर नियुक्ति अपास्त न की गई हो। (चित्ररेखा साउलखे (कुमारी) वि. सुरेश साउलखे) ...1945

दण्ड संहिता (1860 का 45), धारा 84 – उन्मत्तता का अभिवाक् – अभियोजन साक्षियों ने प्रतिपरीक्षण में स्वीकार किया कि अपीलार्थी विक्षिप्त था और वह उपचार भी लेता था – जेलर की साक्ष्य तथा चिकित्सक के प्रमाण पत्र से प्रतीत होता है कि 6.12.98 से 18.6.99 तक अपीलार्थी का सीजोफ्रेनिया (पागलपन) के लिए मानसिक चिकित्सालय में उपचार किया गया – परन्तु अभिलेख पर यह उपदर्शित करने के लिए कोई चिकित्सीय साक्ष्य नहीं कि अपराध कारित करने से पूर्व या अपराध कारित करते समय अपीलार्थी किसी मानसिक विकार या उन्मत्तता से पीड़ित था जिससे वह अपने कार्य की प्रकृति को समझने में असमर्थ हो – उन्मत्तता का अभिवाक् विचारण न्यायालय द्वारा अस्वीकार किया जाना सही पाया गया। (कोडूलाल उर्फ लक्ष्मण वि. म.प्र. राज्य)...2181

दण्ड संहिता (1860 का 45), धाराएँ 147 व 302/34 – दोषमुक्ति के विरुद्ध अपील – विचारण न्यायालय ने अभियुक्त व्यक्तियों को इन आधारों पर दोषमुक्त किया कि साक्ष्य विश्वसनीय नहीं थी और प्रथम सूचना रिपोर्ट पूर्व समय की थी – अभिनिर्धारित – विचारण न्यायालय ने दोषमुक्ति तुच्छ आधारों पर अभिलिखित की तथा चक्षुदर्शी साक्ष्य को किसी बाध्यकारी या न्यायसंगत कारण बिना अमान्य कर दिया – प्रत्यर्थियों को भा.द.सं. की धारा 302/34 के अन्तर्गत दोषसिद्ध किया गया और आजीवन कारावास का दण्डादेश दिया गया – अपील मंजूर। (म.प्र. राज्य वि. परमलाल) ...2357

दण्ड संहिता (1860 का 45), धाराएँ 148, 149 व 302 – प्रत्यक्षदर्शी साक्षियों का विवरण चिकित्सीय साक्ष्य से भलीभांति सम्पुष्ट नहीं हुआ – अन्वेषण अधिकारी इस बात का कारण बताने मे विफल रहा कि इन साक्षियों का परीक्षण घटना के 4–5 दिन बाद क्यों किया गया – देहाती नालिशी दर्ज कराने के समय के संबंध मे साक्षियों के कथन परस्पर विरोधी – विचारण न्यायालय द्वारा पारित दोषसिद्धि एवं दण्डादेश अपास्त – अपील मंजूर। (रधिया उर्फ राधेश्याम वि. म.प्र. राज्य) ...2379

Penal Code (45 of 1860), Section 161 - See - *Prevention of Corruption Act, 1947, Section 5(1) r/w 5(2)* [State of M.P. v. Harishankar Bhagwan Pd. Tripathi] SC...2027

Penal Code (45 of 1860), Sections 177 & 181, Criminal Procedure Code, 1973, Sections 2(d) & 195 - *Complaint - Challan filed by CBI on some information of somebody in Court would not partake the character of a complaint as provided under S. 2(d) - Court cannot take cognizance of complaint filed by CBI, until and unless oral or written complaint by public servant of AICTE is made.* [Meena Rathore (Smt.) v. CBI, ACB, Bhopal]...*30

Penal Code (45 of 1860), Sections 177, 181 & 420 - *Cheating - Society is the owner of the land - At the time of submitting application for approval to AICTE application to obtain loan was submitted to Bank and loan was sanctioned to the extent of 7.5 cores for construction of building - In undertaking and affidavit, applicant did not disclose that the land is mortgaged with Bank - Held - Property can be mortgaged at a later date for the purposes of raising finance for development of technical institution - Affidavit loaded on web portal contrary to approval process - Intention of AICTE is not that land cannot be mortgaged - No offence u/s 420 made out as intention of dishonestly inducing the delivery of property with a view to cause damage or harm to that person in body, mind, reputation or property is missing.* [Meena Rathore (Smt.) v. CBI, ACB, Bhopal] ...*30

Penal Code (45 of 1860), Section 201 - See - *Prevention of Corruption Act, 1988, Sections 7, 13(1)(d), 13(2) & 20* [Ravindra Kumar Ganvir v. State of M.P.] ...*87

Penal Code (45 of 1860), Section 216-A, Dakaiti Aur Vyapharan Prabhavit Ksheshtra Adhiniyam, M.P. 1981 Sections 11 & 13, Arms Act, 1959 Sections 25(1-B)(a) & 30 - *Charges under - SDO(P) who remained active from stage of receiving information till arrest memo of respondent, not examined - There exists material contradiction in testimony of two witnesses - Entry of Roznamcha regarding movement & return of police party not produced - Gun licence was also found valid in name of father of respondent - No scope of interfering with the acquittal passed by Special Judge - Appeal dismissed.* [State of M.P. v. Veeru @ Veer Singh] ...2187

Penal Code (45 of 1860), Section 302 - *Death Sentence - The act of accused is heinous and requires to be condemned but at the same time it cannot be said that it is rarest of the rare case where accused requires to be eliminated from the society. Therefore, looking to the age (about 19 years) of the accused and antecedents, there appears no justifiable reason to impose the death Sentence on him. Sentence of death modified and commuted to imprisonment for life.* [In Reference v. Rahul] ...2206

Penal Code (45 of 1860), Section 302, Evidence Act, 1872, Section

दण्ड संहिता (1860 का 45), धारा 161 – देखें – भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1947, धारा 5(1) सहपठित 5(2) (म.प्र. राज्य वि. हरिशंकर भगवान प्रसाद त्रिपाठी) SC---2027

दण्ड संहिता (1860 का 45), धाराएँ 177 व 181, दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973, धाराएँ 2(डी) व 195 – परिवाद – किसी व्यक्ति की सूचना पर सीबीआई द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया चालान, परिवाद के लक्षणों में भाग नहीं लेगा जैसा कि धारा 2(डी) के अन्तर्गत उपबंधित है – न्यायालय सीबीआई द्वारा प्रस्तुत परिवाद का संज्ञान नहीं ले सकता जब तक कि एआईसीटीई के लोक सेवक द्वारा मौखिक अथवा लिखित परिवाद नहीं किया जाता। (मीना राठौर (श्रीमति) वि. सी.बी.आई., ए.सी.बी., भोपाल) ---*30

दण्ड संहिता (1860 का 45), धाराएँ 177, 181 व 420 – छल – सोसायटी भूमि की स्वामी है – अनुमोदन के लिए एआईसीटीई को आवेदन प्रस्तुत करते समय ऋण प्राप्त करने के लिए बैंक को आवेदन प्रस्तुत किया और भवन के निर्माण के लिए 7.5 करोड की सीमा तक ऋण मंजूर किया गया – परिवचन तथा शपथपत्र में आवेदक ने यह प्रकट नहीं किया कि भूमि बैंक को बंधक है – अभिनिर्धारित – तकनीकी संस्था के विकास के लिए वित्त जुटाने के प्रयोजनों के लिए संपत्ति को बाद के दिनांक को बंधक किया जा सकता है – वेब पोर्टल पर भरा गया शपथपत्र अनुमोदन प्रक्रिया के विपरीत है – एआईसीटीई का यह आशय नहीं है कि भूमि बंधक नहीं हो सकती – चूंकि उस व्यक्ति के शरीर, मन, मान या संपत्ति को क्षति अथवा हानि कारित करने के उद्देश्य से बेईमानी पूर्वक संपत्ति परिदत्त करने के लिए उत्प्रेरित करने का आशय अनुपस्थित है, धारा 420 के अंतर्गत कोई अपराध नहीं बनता। (मीना राठौर (श्रीमति) वि. सी.बी.आई., ए.सी.बी., भोपाल) ---*30

दण्ड संहिता (1860 का 45), धारा 201 – देखें – भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988, धाराएँ 7, 13(1)(डी), 13(2) व 20, (रवीन्द्र कुमार गनवीर वि. म.प्र. राज्य) ---*87

दण्ड संहिता (1860 का 45), धारा 216–ए, डकैती और व्यपहरण प्रभावित क्षेत्र अधिनियम, म.प्र. 1981, धाराएँ 11 व 13, आयुध अधिनियम, 1959 धाराएँ 25(1–बी)(ए) व 30 – के अंतर्गत आरोप – एस.डी.ओ. (पुलिस) जो सूचना प्राप्त करने के प्रक्रम से प्रत्यर्थी के गिरफ्तारी मेमो तक सक्रिय रहा है, उसका परीक्षण नहीं किया गया – दो साक्षियों की परिसाक्ष्य मे तात्विक विरोधाभास अस्तित्वमान – पुलिस पार्टी के संचलन एवं वापसी के संबंध मे रोजनामचे की प्रविष्टि प्रस्तुत नहीं की गयी – प्रत्यर्थी के पिता के नाम से बंदूक की अनुज्ञप्ति भी वैध पायी गयी – विशेष न्यायाधीश द्वारा पारित दोषमुक्ति के आदेश में हस्तक्षेप की कोई गुंजाइश नहीं – अपील खारिज। (म.प्र. राज्य वि. वीरू उर्फ वीर सिंह) ...2187

दण्ड संहिता (1860 का 45), धारा 302– मृत्युदण्ड – अभियुक्त का कृत्य घृणित एवं निंदनीय है किन्तु इसे विरल से विरलतम प्रकरण नहीं कहा जा सकता जहां अभियुक्त की समाज से मौजूदगी हटाने की आवश्यकता हो अतः अभियुक्त की आयु (19 वर्ष) एवं उसके पूर्ववृत को देखते हुए उस पर मृत्युदण्ड आरोपित किये जाने का कोई न्यायसंगत कारण प्रतीत नहीं होता, मृत्युदण्ड को आजीवन कारावास मे परिवर्तित किया गया । (इन रेफरेन्स वि. राहुल) ...2206

दण्ड संहिता (1860 का 45), धारा 302, साक्ष्य अधिनियम, 1872, धारा 3 – साक्ष्य

3 - *Appreciation of evidence - Death of deceased (wife) in house of accused (husband) due to head injury and others - The presence of accused on relevant time in the house is also proved - Accused failed to explain as to how the deceased received the injuries - Accused/husband is the only person who is responsible for commission of crime - Other family members (A-2) can not be held guilty on mere suspicion.* [Ram Bhadra Tiwari v. State of M.P.] ...2625

Penal Code (45 of 1860), Section 302 - See - *Evidence Act, 1872, Sections 3 & 32* [Shabana Bi (Smt.) v. State of M.P.] ...*52

Penal Code (45 of 1860), Section 302 - See - *Evidence Act, 1872, Section 32* [Lakhan v. State of M.P.] SC...2018

Penal Code (45 of 1860), Sections 302/34, 326/34 - *Assault by accused persons by "Lathi" and "Danda" resulting death of two persons - Injuries found on person of the deceased do not indicate so imminently dangerous that it must in all probability cause death or such bodily injury is likely to cause death - The part of body chosen cannot be said to be a vital part of the body - The injuries are contusions - The ingredients of the offence of murder is not made out - The conviction of appellants u/s 302/34 altered to S.326/34 IPC and sentenced to imprisonment for 7 years.* [Ramesh Kumar v. State of M.P.] SC...1843

Penal Code (45 of 1860), Sections 302 & 201 - See - *Evidence Act, 1872, Section 3* [Suryakant Singh v. State of M.P.] ...*55

Penal Code (45 of 1860), Sections 302 & 304 - *No evidence that there was a sudden fight between the appellant and his wife (the deceased) and the appellant acted in a heat of passion upon a sudden quarrel - Appellant himself has not stated anything in this regard in his examination u/s 313 Cr.P.C. - Repeated blows were wielded on the scalp of deceased with force caused 3 injuries, sufficient to cause death - The benefit of Exception 4 to S. 300 IPC can not be given to appellant - Conviction of appellant u/s 302 IPC upheld - Appeal dismissed.* [Pappu @ Kamod v. State of M.P.] ...*47

Penal Code (45 of 1860), Sections 302 & 304 Part-I - ***Murder or culpable homicide*** *- Deceased (wife) carrying pregnancy of 32-36 weeks received one fatal/head injury out of 4 injuries - No evidence to establish motive on part of accused to kill his wife - The accused is liable to be convicted u/s 304 Part-I and not u/s 302.* [Ram Bhadra Tiwari v. State of M.P.] ...2625

Penal Code (45 of 1860), Sections 302, 304-I - ***Murder or culpable homicide*** *- Incident took place all of a sudden, without premeditation - Due to anger and annoyance, appellant/accused caused burn injuries to deceased by pouring kerosene on his body and by lighting a matchstick, set him on fire - The appellant can be held guilty for the offence punishable u/s 304 Part-I and not u/s 302 of IPC - Appeal allowed.* [Shanti Bai v. State of M.P.] ...*69

का अधिमूल्यन – अभियुक्त के घर में मृतक (पत्नी) की सिर पर आयी चोटों एवं अन्य चोटों के कारण मृत्यु – सुसंगत समय पर अभियुक्त की घर पर मौजूदगी भी साबित – अभियुक्त मृतक को आयी चोटों के संबंध मे स्पष्टीकरण देने मे असफल रहा – अभियुक्त/पति ही वह व्यक्ति है जो अपराध करने के लिए उत्तरदायी है – परिवार के अन्य सदस्य (ए–2) को केवल संदेह पर दोषी नहीं ठहराया जा सकता। (राम भद्र तिवारी वि. म.प्र. राज्य) ...2625

दण्ड संहिता (1860 का 45), धारा 302 – देखें – साक्ष्य अधिनियम, 1872, धाराएँ 3 व 32 (शबाना बी (श्रीमती) वि. म.प्र. राज्य) ---*52

दण्ड संहिता (1860 का 45), धारा 302 – देखें – साक्ष्य अधिनियम, 1872, धारा 32 (लखन वि. म.प्र. राज्य) SC---2018

दण्ड संहिता (1860 का 45), धाराएँ 302/34, 326/34 – अभियुक्त व्यक्तियों द्वारा लाठी एवं डंडे से किये गये हमले के परिणामस्वरूप दो व्यक्तियों की मृत्यु हुई – मृतक के शरीर पर पाई गयीं क्षतियाँ आसन्न रूप से इतनी घातक प्रतीत नहीं होतीं कि वह सभी अधिसंभाव्यताओं में मृत्यु कारित करेगी अथवा ऐसी शारीरिक क्षति कारित करेगी जिससे मृत्यु कारित होना संभाव्य हो – चुना गया शरीर का अंग, शरीर का मार्मिक अंग नहीं कहा जा सकता है – क्षतियाँ, खरोंचें हैं – हत्या के अपराध के घटक नहीं बनते हैं – अपीलार्थियों की भा.द.सं. की धारा 302/34 के अंतर्गत दोषसिद्धि को धारा 326/34 मे परिवर्तित किया गया और 7 वर्ष के कारावास से दण्डादिष्ट किया गया। (रमेश कुमार वि. म.प्र. राज्य) SC---1843

दण्ड संहिता (1860 का 45), धाराएँ 302 व 201 – देखें – साक्ष्य अधिनियम, 1872, धारा 3 (सूर्यकांत सिंह वि. म.प्र. राज्य) ---*55

दण्ड संहिता (1860 का 45), धाराएँ 302 व 304 – कोई साक्ष्य नहीं कि अपीलार्थी तथा उसकी पत्नी (मृतक) के बीच अचानक लड़ाई हुई थी और अपीलार्थी ने अचानक हुई लड़ाई से क्रोध के आवेश में आकर कृत्य किया – अपीलार्थी ने द.प्र.सं. की धारा 313 के अंतर्गत अपने परीक्षण में स्वयं इस संबध में कुछ नहीं कहा है – मृतक के सिर पर कई शक्तिशाली आघात किये गये जिससे 3 क्षतियाँ कारित हुईं, जो मृत्यु कारित करने के लिये पर्याप्त थीं – अपीलार्थी को भा.द.सं. की धारा 300 के अपवाद 4 का लाभ नहीं दिया जा सकता – भा.द.सं. की धारा 302 के अंतर्गत अपीलार्थी की दोषसिद्धि की पुष्टि की गई – अपील खारिज। (पप्पू उर्फ कमोद वि. म.प्र. राज्य) ---*47

दण्ड संहिता (1860 का 45), धाराएँ 302 व 304 भाग–I – हत्या या आपराधिक मानव वध – मृतक (पत्नी) जो 32–36 सप्ताह का गर्भ धारण किये हुए थी को आयीं 4 चोटों में से एक घातक/सिर की चोट थी – अभियुक्त का अपनी पत्नी को मारने का हेतु साबित करने के लिए कोई साक्ष्य नहीं – अभियुक्त धारा 304 भाग–I के अन्तर्गत दोषसिद्ध किये जाने योग्य है न कि धारा 302 के अन्तर्गत। (राम भद्र तिवारी वि. म.प्र राज्य) ...2625

दण्ड संहिता (1860 का 45), धाराएँ 302, 304–I – हत्या या आपराधिक मानव वध – घटना पूर्वचिन्तन के बिना अकस्मात घटित हुई – क्रोध और क्षोभ के कारण अपीलार्थी/अभियुक्त ने मृतक के शरीर पर केरोसीन उड़ेलकर और माचिस की तीली जलाकर उसको आग लगाकर उसे जलने की क्षतियाँ कारित कीं – अपीलार्थी को भा.द.सं. की धारा 304 भाग–I के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध के लिए दोषी ठहराया जा सकता है न कि धारा 302 के अन्तर्गत – अपील मंजूर। (शांति बाई वि. म.प्र. राज्य) ---*69

Penal Code (45 of 1860), Sections 302 & 304 Part-I - *Murder or culpable homicide - No previous enmity between the deceased and the appellant - Deceased remonstrated with appellant about his cattle entering the field of deceased and appellant inflicted stick injuries on the head of deceased resulting into fracture of two parietal bones - Deceased was an old man of 70 years of age - It can be readily inferred that he acted with the intention of causing such bodily injuries to deceased as were likely to cause death - Conviction of appellant u/s 302 of IPC not justified - However, he is liable to be convicted u/s 304 Part-I of IPC.* [Balla @ Baladeen v. State of M.P.] ...2620

Penal Code (45 of 1860), Sections 302, 304 Part I - *'Murder' or 'culpable homicide' - Some dispute occurred between appellant and his wife (the deceased), prior to occurrence - Later, the appellant, on getting late as his wife delaying in cooking food, was enraged and he assaulted his wife with a pestle on her head, resulting her death - The act of appellant, being in a heat of passion on the spur of moment without any premeditation and giving a solitary below comes within the purview of S. 304 Part I of IPC - Conviction altered.* [Kodulal @ Laxman v. State of M.P.] ...2181

Penal Code (45 of 1860), Sections 302, 304-I/149 & 148 - *Murder or culpable homicide - Neither any single injury found on the body was sufficient in the ordinary course of nature to cause death nor the injuries found on the body, cumulatively, were sufficient in the ordinary course of nature to cause death nor any injury was inflicted on any vital part of the body of deceased - In these circumstances, it could not be held that the injuries by the appellants were caused with the intention of causing death or causing such bodily injury as was likely to cause death of deceased - However, since the appellants wielded weapons like sword, axe, Farsa etc., it can safely be held that they had knowledge that it was likely to cause death of deceased - Conviction of appellants u/s 304-I, altered to one u/s 304 Part II.* [Purushottam Patel v. State of M.P.] ...*66

Penal Code (45 of 1860), Sections 302, 304 Part-II r/w 34 - *The incident occurred in a sudden quarrel in which accused caused such injury to deceased which resulted in his unfortunate death - The real genesis regarding occurrence is not placed on record, so, one cannot reach the conclusion as to who was the aggressor in the incident - Appellants/accused have not taken undue advantage or have acted in a cruel or unusual manner - In these circumstances, the offence committed by appellants in relation to deceased falls under exception 4 of S. 300 IPC and they are liable to be convicted for committing culpable homicide, not amounting to murder.* [Anusuiya Singh v. State of M.P.] ...1981

Penal Code (45 of 1860), Sections 302 & 307 - *Murder of wife and*

दण्ड संहिता (1860 का 45), धाराएँ 302 व 304 भाग–I – हत्या या आपराधिक मानव वध – अपीलार्थी और मृतक के बीच पूर्व से कोई वैमनस्यता नहीं – अपीलार्थी के मवेशी मृतक के खेत में घुसने के संबंध में मृतक ने अपीलार्थी के साथ प्रतिवाद किया और अपीलार्थी ने मृतक की सिर पर डंडे से चोटें पहुँचायीं जिसके परिणामस्वरूप दो पार्श्विक हड्डियाँ टूट गयीं – मृतक 70 वर्ष की आयु का एक वृद्ध व्यक्ति था – यह निष्कर्ष सुगमता से निकाला जा सकता है कि उसने मृतक को ऐसी शारीरिक क्षति कारित करने के आशय से कार्य किया जिससे मृत्यु कारित होना संभाव्य था – भा.द.सं. की धारा 302 के अन्तर्गत अपीलार्थी की दोषसिद्धि न्यायसंगत नहीं – तथापि वह भा. द.सं. की धारा 304 भाग–I के अन्तर्गत दोषसिद्ध किये जाने योग्य है। (बल्ला उर्फ बालादीन वि. म.प्र. राज्य) ...2620

दण्ड संहिता (1860 का 45), धाराएँ 302, 304 भाग I– 'हत्या' या 'आपराधिक मानव वध' – घटना से पूर्व अपीलार्थी और उसकी पत्नि (मृतक) के बीच कोई विवाद हुआ – बाद में खाना बनाने में उसकी पत्नि द्वारा विलंब के कारण देरी होने से अपीलार्थी क्रोधित हुआ और उसने अपनी पत्नि के सिर पर मूसर से हमला किया, जिसके परिणामस्वरूप उसकी मृत्यु हो गयी – अपीलार्थी का कृत्य अचानक क्रोध के आवेश में बिना किसी पूर्वचिन्तन के होने से और एकमात्र वार करना भा.द.सं. की धारा 304 भाग I के क्षेत्र के भीतर आता है – दोषसिद्धि परिवर्तित की गई। (कोडूलाल उर्फ लक्ष्मण वि. म.प्र. राज्य) ...2181

दण्ड संहिता (1860 का 45), धाराएँ 302, 304–I/149 व 148 – हत्या या आपराधिक मानव वध – न तो कोई एक क्षति शरीर पर पायी गई जो प्रकृति के सामान्य अनुक्रम में मृत्यु कारित करने के लिये पर्याप्त हो और न ही शरीर पर पायी गई क्षतियाँ संचयी तौर पर प्रकृति के सामान्य अनुक्रम में मृत्यु कारित करने के लिये पर्याप्त थीं और न ही मृतक के शरीर के किसी मर्मस्थल पर कोई क्षति पहुँचाई गयी – इन परिस्थितियों में यह नहीं माना जा सकता कि अपीलार्थियों द्वारा क्षतियाँ, मृत्यु कारित करने अथवा ऐसी शारीरिक क्षति जिससे मृतक की मृत्यु कारित होना संभाव्य था, कारित करने के आशय से कारित की गयीं थीं – तथापि, चूंकि अपीलार्थी तलवार, कुल्हाड़ी, फर्सा आदि जैसे आयुधों से सुसज्जित थे, यह सुरक्षित रूप से माना जा सकता है कि उन्हें ज्ञान था कि मृतक की मृत्यु कारित होना संभाव्य था – धारा 304–I के अंतर्गत अपीलार्थियों की दोषसिद्धि को धारा 304 भाग–II के अंतर्गत परिवर्तित किया गया। (पुरषोत्तम पटेल वि. म.प्र. राज्य) ---*66

दण्ड संहिता (1860 का 45), धाराएँ 302, 304 भाग–II सहपठित धारा 34 – घटना आकस्मिक झगड़े में घटित हुई जिसमें अभियुक्त ने मृतक को ऐसी क्षति कारित की जिसके परिणामस्वरूप उसकी दुर्भाग्यवश मृत्यु हुई – घटना के सम्बन्ध में वास्तविक उत्पत्ति अभिलेख पर नहीं रखी गयी, इसलिए कोई व्यक्ति इस निष्कर्ष पर नहीं पहुँच सकता कि घटना में आक्रमणकर्ता कौन था – अपीलार्थियों/अभियुक्तों ने अनुचित लाभ नहीं लिया है अथवा क्रूरतापूर्ण या असामान्य ढंग से कार्य नहीं किया है – इन परिस्थितियों में, अपीलार्थियों द्वारा मृतक के सम्बन्ध में किया गया अपराध भा.द.सं. की धारा 300 के अपवाद 4 के अन्तर्गत आता है और वे हत्या की कोटि में न आने वाला आपराधिक मानव वध करने के लिए दोषसिद्ध किये जाने योग्य हैं। (अनुसुईया सिंह वि. म.प्र. राज्य) ...1981

दण्ड संहिता (1860 का 45), धाराएँ 302 व 307 – पत्नी और पुत्री की हत्या और 2

daughter and attempt of murder of 2 daughters - Evidence of two injured daughters supported by medical evidence and other evidence - Presence of accused not challenged and the explanation of accused that some unknown person caused injuries to victim found not truthful - Held - The offence is proved. [In Reference v. Mohammad Shafiq @ Munna @ Shafi] ...2405

Penal Code (45 of 1860), Sections 302, 341 & 506-B - *Appeal against conviction of appellant on basis of sole evidence of wife of deceased - Held - In view of direct conflict between medical evidence and ocular account given by solitary eye witness, who has only deposed against appellant and acquitted co-accused, is not sufficient to base conviction of appellant - Conviction and sentence set aside.* [Shiv Charan v. State of M.P.] ...2198

Penal Code (45 of 1860), Sections 302, 364 & 201 - ***Kidnapping & murder of a boy of 10 years - Held*** - *The deceased child was last seen alive in the company of appellant and thereafter, his dead body was discovered from the forest on the information furnished by the appellant - The inevitable conclusion is that it was appellant only, who had kidnapped the child/deceased from the guardianship of his parents and committed his murder by throttling him, though the motive for commission of the crime remained shrouded in mystery.* [Sanjay Deevan v. State of M.P.] ...2389

Penal Code (45 of 1860) - Sections 302, 376 - See - *Evidence Act, 1872, Section 3.* [In Reference v. Rahul] ...2206

Penal Code (45 of 1860), Sections 302, 392, 397, 411, 413 & 414 - See - *Evidence Act, 1872, Section 3* [Ramesh Chandra v. State of M.P.] ...2368

Penal Code (45 of 1860), Section 304-A - *On highway, if pedestrian crosses the road without taking note of approaching bus, the driver cannot be held guilty in absence of reliable evidence regarding speed of offending vehicle and negligental act of driver.* [State of M.P. v. Kanhaiyalal] ...1971

Penal Code (45 of 1860), Sections 304-B & 498-A, Evidence Act, 1872, Sections 3 & 113-B - *Appreciation of evidence - Except for certain bald statements made by PWs.1 & 3 (mother & brother of deceased) alleging that the victim had been subjected to cruelty and harassment prior to her death, there is no other evidence to prove that the victim committed suicide on account of cruelty and harassment to which she was subjected just prior to her death, which, in fact, are the ingredients of the evidence to be led in respect of S. 113-B of the Act, 1872, in order to bring home the guilt against an accused.* [Durga Prasad v. State of M.P.] SC...1853

Penal Code (45 of 1860), Sections 304-B & 498-A, Evidence Act, 1872, Sections 3 & 113-B - *Appreciation of evidence - In order to bring home a conviction u/s 304-B IPC, it will not be sufficient to only lead evidence showing that cruelty or harassment had been meted out to the victim, but that such treatment was in connection with the demand for dowry - The prosecution*

पुत्रियों की हत्या का प्रयत्न – दो क्षतिग्रस्त पुत्रियों की साक्ष्य चिकित्सीय साक्ष्य व अन्य साक्ष्य से समर्थित – अभियुक्त की उपस्थिति को चुनौती नहीं दी गयी और अभियुक्त का स्पष्टीकरण कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने पीड़ित को क्षतियाँ कारित कीं, सही नहीं पाया गया – अभिनिर्धारित – अपराध साबित होता है। (इन रेफरेन्स वि. मोहम्मद शफीक उर्फ मुन्ना उर्फ शफी) ...2405

दण्ड संहिता (1860 का 45), धाराएँ 302, 341 व 506–बी – मृतक की पत्नी की एकमात्र साक्ष्य के आधार पर अपीलार्थी की दोषसिद्धि के विरूद्ध अपील – अभिनिर्धारित – चिकित्सीय साक्ष्य तथा एकमात्र प्रत्यक्षदर्शी साक्षी के मौखिक वृतांत जिसने केवल अपीलार्थी के विरूद्ध वचन किया है और सह–अभियुक्त को दोषमुक्त किया है, के मध्य सीधे विरोधाभास की दृष्टि से, अपीलार्थी की दोषसिद्धि आधारित करना पर्याप्त नहीं है – दोषसिद्धि एवं दंडादेश अपास्त। (शिव चरण वि. म.प्र. राज्य) ...2198

दण्ड संहिता (1860 का 45) धाराएं 302, 364 व 201 – 10 वर्षीय बालक का व्यपहरण और हत्या – अभिनिर्धारित – मृत बालक को जीवित अवस्था में अंतिम बार अपीलार्थी के साथ देखा गया और उसके पश्चात्, उसका शव अपीलार्थी द्वारा दी गई सूचना पर जंगल से खोजा गया – अवश्यंभावी निष्कर्ष यह है कि वह केवल अपीलार्थी ही था जिसने बालक/मृतक का उसके माता–पिता की संरक्षता से व्यपहरण किया और उसका गला घोंटकर उसकी हत्या की, यद्यपि अपराध करने का हेतु रहस्यमय बना रहा। (संजय दीवान वि. म.प्र. राज्य) ...2389

दण्ड संहिता (1860 का 45) – धारा 302, 376 – देखें – साक्ष्य अधिनियम, 1872, धारा 3 (इन रेफरेन्स वि. राहुल) ...2206

दण्ड संहिता (1860 का 45), धाराएँ 302, 392, 397, 411, 413 व 414 – देखें – साक्ष्य अधिनियम, 1872, धारा 3 (रमेश चंद वि. म.प्र. राज्य) ...2368

दण्ड संहिता (1860 का 45), धारा 304–ए – राजमार्ग पर, यदि राहगीर बस के समीप आने को ध्यान में रखे बिना सड़क पार करता है, तो दोषी वाहन की गति और चालक के उपेक्षापूर्ण कृत्य के सम्बन्ध में विश्वसनीय साक्ष्य के अभाव में चालक को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। (म.प्र. राज्य वि. कन्हैयालाल) ...1971

